दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन
प्रतिनिधि के रूप में काम करने
वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 22 जून 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 511

## संक्षिप्त खबरें ।

### इसरो को मिला नासा का साथ, अंतरिक्ष फतह करने का सपना जल्द होगा साकार




**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** भारत अब चांद तक अपनी छाप छोड़ चुका है. साथ ही देश अंतरिक्ष में नए कारनामे करने की राह पर है. तकनीक की दुनिया में भारत दिन-रात झंडे गाड़ रहा है. यहां तक कि भारत अपने वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष भेजने की पूरी तैयारी कर चुका है. अब खबह है कि इस काम में ISRO की मदद NASA कर रहा है. अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी (ICET) पर पहल को आगे बढ़ाने के लिए भी काम कर रही है. नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख बिल नेल्सन ने खुद इसकी पुष्टि की है। NASA के प्रशासक नेल्सन ने कहा है कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी भारत के साथ सहयोग बढ़ाएगी. उन्होंने कहा है कि नासा एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री के साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर मिलकर काम करेगा. नेल्सन की यह टिप्पणी अमेरिका और भारत द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के बीच आईसीईटी वार्ता के बाद आई है। नेल्सन ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा 'पिछले साल भारत की मेरी यात्रा के बाद, नासा मानवता के लाभ के लिए महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी पर संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत की पहल को आगे बढ़ा रहा है. हम साथ मिलकर अंतरिक्ष में अपने देशों के सहयोग का विस्तार कर रहे हैं।

**डोभाल ने क्या कहा?:** वहीं डोभाल ने मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन की मौजूदगी में कहा कि भारत और अमेरिका को बड़े रणनीतिक हित के हिस्से के रूप में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास में सबसे आगे रहना चाहिए. डोभाल की यह टिप्पणी उनके और सुलिवन द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अर्धचालक, उन्नत दूरसंचार और रक्षा क्षेत्र के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग को गहरा करने के लिए परिवर्तनकारी पहलों का अनावरण करने के एक दिन बाद आई है।

# तिब्बत पर अमेरिका के जख्म से कराह रहा था चीन, तभी भारत ने छिड़क दिया नमक

**लोक तंत्र की आवाज**



**नई दिल्ली ।** तिब्बत पर अमेरिका की चाल से चीन तिलमिलाया हुआ है. चीन को अमेरिका ने ताबड़तोड़ जख्म दिए हैं. इन जख्मों से ड्रैगन अभी कराह ही रहा था कि पीएम मोदी ने उन जख्मों पर नमक छिड़क दिया. पीएम मोदी की एक तस्वीर आई है. उस तस्वीर को देख चीन पूरी तरह से छटपटा उठेगा. उसके पास हाथ मलने के अलावा कोई और चारा नहीं है. अमेरिका पहले ही उसकी गुहार पर ठेंगा दिखा चुका है. चीन बार-बार कहता रहा कि अमेरिकी सांसदों का ग्रुप तिब्बत में दलाई लामा से न मिले. मगर अमेरिका ने चीन की एक न सुनी. अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल चीन की गुहार और चेतावनी को दरकिनार कर दिया।

**चीन को क्यों लग रही मिर्ची?:** पहले समझते हैं कि अमेरिका ने चीन को ताबड़तोड़ दो जख्म कैसे दिए. अमेरिका चीन को अलग-थलग करने में जुटा है. अमेरिका तिब्बत के पक्ष में खुलकर खेल रहा है. वह यह दिखाना चाहता है कि तिब्बत के लोगों के साथ अमेरिका मजबूती से खड़ा है. अमेरिका चाहता है कि चीन का तिब्बत में कोई दखल न हो. यही वजह है कि अमेरिका ने 'तिब्बती नीति और समर्थन अधिनियम 2020' पारित कर दिया है. तिब्बत पर यह अमेरिका की आधिकारिक नीति है कि दलाई लामा का उत्तराधिकार एक पूर्णतः धार्मिक मुद्दा है, जिस पर केवल दलाई लामा और उनके फॉलोअर्स ही फैसला ले सकते हैं. इस पर अब केवल जो बाइडन के सिग्नेचर का इंतजार है. तिब्बत मामले पर अमेरिका ने अपना स्टैंड साफ कर दिया है।

**अमेरिका ने दिए गहरे जख्मः** अमेरिका ने दिए जख्म दिलचस्प बात यह है कि चीन बार-बार अमेरिका को ऐसा नहीं करने के लिए चेताता रहा. चीन इस तिब्बत वाले बिल का विरोध करता रहा. उसने तो जो बाइडन से इस पर सिग्नेचर नहीं करने की गुहार तक लगाई और फिर बाद में गिदड़भभकी भी दी. चीन ने कहा कि तिब्बत उसका अंदरुनी मसला है और उसने अमेरिका को दखल देने के खिलाफ धमाकाया. मगर चीन की इन धमकियों का अमेरिका पर कुछ असर नहीं हुआ. तुरंत ही अमेरिका ने चीन को दूसरा जख्म दे दिया. दूसरा जख्म था अमेरिकी सांसदों का धर्मशाला में दलाई लामा से मिलना. चीन बार-बार चेता रहा था कि अमेरिकी सांसदों का ग्रुप दलाई लामा से न मिले, मगर उसके लाख चाहने के बाद भी ऐसा नहीं हो पाया. मैककॉल की अगुवाई में अमेरिकी सांसदों का ग्रुप बुधवार को धर्मशाला में दलाई लामा से मिला. इस ग्रुप में मैककॉल के अलावा छह और प्रमुख सदस्य शामिल थे- नैन्सी पेलोसी, मैरिएनेट मिलर, ग्रेगरी मीक्स, निकोल मैलियोटैकिस, जिम मैकगवर्न और एमी बेरा। अमेरिका के इन दोनों वार की दर्द से चीन अभी कराह ही रहा था कि एक तस्वीर सामने आ गई. इसे देखकर पक्का चीन की छाती पर सांप लोट जाएगा।

### तिब्बत पर क्यों तिलमिलाया चीन

तिब्बत को चीन अपना हिस्सा मानता है. तिब्बत के लोग सालों से आजादी का सपना देख रहे हैं. अमेरिका ने बिल पास करके चीन को यही संदेश देने की कोशिश की है कि वह भी तिब्बत की आजादी का पक्षधर है. यही वजह है कि अमेरिका का तिब्बत के प्रति स्टैंड और अमेरिकी सांसदों का तिब्बत के बाद सीधे पीएम मोदी से मिलना चीन को जरूर खलेगा. अमेरिका और भारत दोनों मानते हैं कि तिब्बती लोगों को आत्मनिर्णय का अधिकार है और उन्हें अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करने की अनुमति देनी चाहिए. जबकि चीन चाहता है कि उसकी मंजूरी के बगैर तिब्बत में एक पत्ता तक नहीं हिले।

# प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति पर मचा बवाल, कांग्रेस के जयराम रमेश बोले- सरकार पहले दिन से ले रही है पंगा



**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को लेकर अब राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सरकार के फैसले पर सवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह संसदीय परंपरा के खिलाफ है। जयराम रमेश ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि परंपरपा के अनुसार सबसे वरिष्ठ सांसद को ही प्रोटेम स्पीकर के पद पर नियुक्त किया जाता है। रीति-रिवाज और परंपार के मुताबिक कोडिकुन्निल सुरेश का पूरा हक बनता है। यह मानसिकता पूरी तरह से बुल्डोजर मानसिकता है। सरकार पहले ही दिन से पंगा लेने में लगी हुई है।

**प्रोटेम स्पीकर की कुर्सी पर छिड़ा बवालः** जयराम रमेश ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी के कोडिकुन्निल सुरेश और भाजपा के वीरेंद्र कुमार दोनों ही 18वीं लोकसभा में अपना आठवां कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। साल 2019 में वीरेंद्र कुमार और 2014 में कमलनाथ प्रोटेम स्पीकर बने थे। वीरेंद्र कुमार अभ मंत्री बन चुके हैं। इसलिए ऐसी उम्मीद थी कि के. सुरेश को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया जाएगा। लेकिन सरकार की तरफ से ऐसा नहीं किया गया। कहा कि भाजपा ने बीजेडी से 6 और भाजपा से सातवां कार्यकाल पूरा कर रहे सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाया है।

**जयराम रमेश बोले- बुलडोजर वाली मानसिकता से उबर नहीं पाए हैं:** उन्होंने कहा कि यह टकराव की राजनीति है। अभी भाजपा बुलडोजर की राजनीति वाली मासिकता से उबर नहीं पाई है। पहले दिन से ही टक्कर लेना चाहते हैं। वे दिखाना चाहते हैं कि हम हुकूमत में हैं। लेकिन जनादेश प्रधानमंत्री के खिलाफ है। नरेंद्र मोदी अब श्री 400 नहीं बल्कि श्री 240 हैं। उन्होंने कहा कि 26 जून को नए लोकसभा अध्यक्ष के पद पर चुनाव होने जा रहा है। 24 और 25 जून को सभी लोकसभा सदस्य शपथ लेंगे।

# मॉडल से बनी मुखिया, फिर जीता 'मिसेज इंडिया आइकन' अवॉर्ड, बिहार की ये बेटी तो गजब निकली

**लोक तंत्र की आवाज**



**लखीसराय।** आपने कई पंचायत प्रधान देखे होंगे जो अपने पंचायत में अपने काम की वजह से जाने जाते हैं. पंचायत में उनके किए गए कार्यों की सराहना होती है. लेकिन बिहार की एक महिला मुखिया इन दिनों किसी और ही कारण से चर्चा में है. इन्होंने अपने सामाजिक जीवन के साथ अपने सपनों को भी एक नई दिशा दी है और मॉडलिंग के क्षेत्र में अपना नाम रोशन किया है।

लखीसराय जिले के रामगढ़ चौक प्रखंड क्षेत्र के नूनगढ पंचायत की मुखिया जूली यादव नए जमाने की मुखिया हैं और आजकल वह चर्चा में हैं. इन्होंने मॉडलिंग के क्षेत्र में कुछ ऐसा कमाल किया है कि अब हर तरफ उनकी ही बातें हो रही हैं. जूली यादव पंचायत के कार्यों के साथ-साथ अपने सपनों को भी पूरा कर रही हैं। जूली यादव की रुचि समाज सेवा के साथ-साथ मॉडलिंग करने की भी रही है. जूली यादव स्नातक पास है और वह एक मुखिया के रूप में काम कर रही हैं. साथ ही वह मॉडलिंग के क्षेत्र में भी मेहनत कर रही है और हाल ही में उन्होंने एक टाइटल भी अपने नाम किया है. इस प्रतियोगिता में देश के कई अलग-अलग राज्य से आई महिलाओं को पछाड़ कर उन्होंने पहला स्थान हासिल किया है। जूली यादव ने लखनऊ में आयोजित हुए 'मिसेज इंडिया आइकन' का टाइटल अपने नाम किया है. स्टार क्रिएशन एंटरटेनमेंट के द्वारा आयोजित इस इवेंट में बॉलीवुड अभिनेत्री महक चहल ने उन्हें क्राउन पहन कर विजेता घोषित किया.। जूली यादव इससे पहले भी मॉडलिंग के क्षेत्र में एक्टिव रही तथा वर्ष 2022 में इन्होंने मिस उत्तर प्रदेश का खिताब अपने नाम किया था. जूली यादव वर्तमान में नुनगढ़ पंचायत की मुखिया के साथ-साथ महिला विकास मंच की अध्यक्ष भी हैं और वह महिलाओं के उत्थान के लिए भी काम करती हैं।

# तेजस्वी के पीएस से गुपचुप पूछताछ, ताबड़तोड़ हुए 4 बड़े एक्शन, गुनाहगारों का बचना अब नामुमकिन

**लोक तंत्र की आवाज**



**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा लगातार कार्रवाई कर रही है और मामले की तह तक पहुंचने की पुरजोर कोशिश कर रही है. इसी कड़ी में एडव ने गुप्त तरीके से बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के पीएस प्रीतम कुमार से पूछताछ की है. बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने प्रेस कांफ्रेंस कर दावा किया था कि पेपर लीक का आरोपी सिकंदर यादवेन्दु का करीबी है, जिसके बाद पूछताछ की गई है. तेजस्वी यादव के पीएस पर Neet पेपर लीक मामले में एनएच डिविजन के गेस्ट हाउस में आरोपियों को ठहराने का आरोप है. अपने ऊपर लगे आरोपों के सवालों का पीएस प्रीतम यादव ने जवाब दिया है. आर्थिक अपराध इकाई के कार्यालय में पूछताछ हुई है।

इसके अलावा बिहार पुलिस की EOU (आर्थिक अपराध यूनिट) ने आज दिल्ली में NTA दफ्तर में जांच पड़ताल की है, जिसमें NEET परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर पड़ताल की. बिहार पुलिस की जांच के आधार पर आगे कार्रवाई निर्भर करेगी. एडव की टीम के अधिकारियों ने पिछले 4-5 दिनों से NTA दफ्तर में जांच पड़ताल कर रही थी।

इसके अलावा एडव के अऊनैयर हसनैन खान दिल्ली से पटना पहुंच चुके हैं. दिल्ली NTA और शिक्षा विभाग को मामले से संबंधित जानकारी दी है. वहीं एडव ने इस पूरे मामले में NHAI गेस्ट हाउस के सुपरवाइजर राकेश कुमार से भी पूछताछ की है. करीब तीन घंटे तक पूछताछ चली है. गेस्ट हाउस मामले में तेजस्वी के पीएस प्रीतम और सिकंदर कनेक्शन को लेकर पूछताछ की गई।

बता दें कि राकेश कुमार गेस्ट हाउस के सुपरवाइजर हैं. शुक्रवार को दूसरी बार गेस्ट हाऊस के केयर टेकर अमित कुमार से पूछताछ हुई है. साथ ही ठएएळ पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने पूछताछ के लिय पहले नोटिस में नही पहुंचने वाले 7 अभ्यर्थियों को दिया दूसरा नोटिस भेजा है. अगर इस बार ये 7 अपराधी ऑफिस नहीं पहुंचते हैं तो आर्थिक आपराध इकाई ने अभ्यर्थियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

# तेजस्वी बोले, सीएम नीतीश मेरे आप्त सचिव को बुलवाकर कर लें पूछताछ

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** नीट पेपरलीक मामले में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भाजपा और एनडीए सरकार पर मुद्दे को डायवर्ट करने का आरोप लगाया है. उन्होंने शुक्रवार को कहा कि (तेजस्वी) आप्त सचिव प्रीतम कुमार का नाम नीट पेपरलीक के आरोपियों से जोड़ा जा रहा है. यह मुद्दे को डायवर्ट करने जैसा है. अगर प्रीतम कुमार से पूछताछ करनी है तो उन्हें बुलाकर सारी जानकारी ली जानी चाहिए. जो भी दोषी हो उसे गिरफ्तार करना चाहिए. उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि 'मैं मुख्यमंत्री को बोल देता हूं जो भी दोषी हैं उनको गिरफ्तार करें'।

उन्होंने कहा कि इस मामले में जो इंजीनियर सिकन्दर यादवेंदु गिरफ्तार हुआ है वह बेनिफिशियरी हो सकता है. लेकिन पेपलीक का मास्टरमाइंड अमित आनंद और नितेश कुमार है. इन लोगों की तस्वीरें बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ सामने आई हैं. उन्होंने भाजपा नेताओं के साथ पेपरलीक के मास्टरमाइंड की फोटो आने पर सवाल किया कि उनसे सम्राट चौधरी के क्या रिश्ते हैं।

एक दिन पहले ही उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने तेजस्वी पर निशाना साधा था कि उनके आप्त सचिव प्रीतम कुमार ने सिकन्दर यादवेंदु के लिए एनएचएआई का गेस्ट हाउस बुक कराया था. विजय सिन्हा ने पूरे मामले में तेजस्वी से सफाई मांगी थी. तेजस्वी ने विजय सिन्हा के बयान पर कहा कि उनको कोई ज्ञान नहीं है. वे गलत तरीके से बातों को ब्रीफ कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि पूरे मामले को डायवर्ट किया जा रहा है और हमसे जोड़ा जा रहा है. हम तो स्पष्ट तौर पर बोलते हैं कि जिनको जो जांच करनी है कर लें।

### भाजपा कर रही मुद्दे को डायवर्ट




NEET परीक्षा मामले के सॉल्वर गैंग के गिरफ्तार सिकंदर दानापुर में नगर आवास विभाग में पदस्थापित था. वो बिहार के समस्तीपुर का रहने वाला है. आरोपियों ने कबूल किया है कि 5 मई को परीक्षा थी और पेपर चार मई को ही लीक हो गया था. अभ्यर्थियों से 30 से 32 लाख रुपये लिए गए थे. गिरफ्तार आरोपियों में सिकंदर का रिश्तेदार अनुराग यादव भी है. अनुराग को NHAI के गेस्ट हाउस ठहराया गया था। बिहार में नीट पेपर लीक मामले को लेकर 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. इसमें 5 नीट यूजी के अभ्यर्थी हैं. अनुराग ने अपने लिखित कबूलनामे में बताया कि 4 मई 2024 को उसके फूफा सिकंदर प्रसाद यादवेन्दु ने उसे अमित आनंद और नीतीश कुमार के पास छोड़ दिया. जहां नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र के साथ-साथ उसे आंसर शीट भी दिया गया. रात भर उसने उसे पढ़ा और जमकर रटा. उसका एग्जाम सेंटर डीवाई पाटिल स्कूल में था. एग्जाम में भी वही सवाल पूछे गए थे, जो उसे रात को रटवाए गए थे।

पेपर लीक मामले में बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी निशने पर हैं. ठएएळ पेपर लीक में गिरफ्त में आया सिकंदर यादवेंदु राजद नेता तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम कुमार का करीबी रिश्तेदार बताया है।

# पिक्चर अभी बाकी है? पटना ही नहीं, रांची तक लीक हुआ नीट पेपर... ईओयू की जांच में चौकाने वाले खुलासे

**लोक तंत्र की आवाज**




**रांची।** नीट पेपर लीक मामले में बिहार एडव की जांच जैसे जैसे आगे बढ़ रही है, उसके सामने नए-नए खुलासे आ रहे हैं. अब पेपर लीक कराने का यह जाल देशभर में फैलता दिख रहा है। जांच के दौरान एडव के हाथ जो नया फैक्ट लगा है, उसमें यह कड़ी अब बिहार से आगे निकलकर झारखंड तक जा पहुंची है. सूत्र बता रहे हैं कि केवल बिहार के पटना ही नहीं, नीट का क्वेश्चन पेपर लीक होकर एक दिन पहले झारखंड के रांची तक भी पहुंच गया था।

सूत्र बता रहे हैं कि रांची में भी कई परीक्षार्थियों के पास एक दिन पहले NEET का पेपर गया था. नीट पेपर लीक कांड में एडव की जांच गिरफ्तार आरोपितों और अभ्यर्थियों के आसपास ही घूम रही है. जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है गिरोह का नेटवर्क देशभर में फैला हुआ नज़र आ रहा है। एडव सूत्रों से मिली जानकारी में पटना के अलावा रांची के कई अभ्यर्थियों के पास परीक्षा देने से एक रात पहले प्रश्नपत्र पहुंच गए थे. जांच में यह सामने आया है कि रांची शहर के कांके इलाके में रिंग रोड में एक से तीन मई के बीच कई अभ्यर्थियों और अभिभावकों बुलाया गया था। सूत्रों के मुताबिक, यहां के एक होटल में पेपर लीक गिरोह के सदस्यों ने बैठक की थी. जांच में यह पता चला है कि नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार अभ्यर्थी अभिषेक के पिता और सिकंदर भी उस बैठक में शामिल हुए थे. जांच में यह भी पता चला है कि सिकंदर का उस होटल में पहले से आना जाना था।

# तेज रफ्तार बाइक चलाकर वीडियो बना रहे युवकों बच्चे को रौंदा, घटनास्थल पर ही मौत, मां-बाप का था एकलौता सहारा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**गोविंदपुर।** तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए वीडियो बना रहे युवकों ने शुक्रवार को एक बच्चे की जान ले ली। नवादा गोविंदपुर प्रखंड के अकबरपुर थली रोड में यह हादसा हुआ. चार बाइक पर वीडियो बना रहे तेज रफ्तार बाइक चालको ने एक बच्चे को रौंदा दिया जिससे बच्चे की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान दनियार गांव के चंदन मांझी के 7 वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार के रूप हुई है. मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

स्थानीय लोगों द्वारा थाली थाना को घटना की सूचना दी गई. थानाध्यक्ष विकास चंद्र यादव व एस आई ललन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया और शव को कब्जे में लेने की प्रयास किया. हालाँकि गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे को लेकर सड़क जाम कर दिया और सरकारी मुआवजे की मांग पर अड़े रहे. बीडीओ नीरज कुमार राय घटनास्थल पर पहुंच और सरकारी मुआवजे दिलवाने तथा परिवारिक लाभ के तहत बीस हजार रुपए देने की बात कही और लोगो को समझा बुझाकर शांत करवाया गया। वहीं थानाध्यक्ष द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। बताया जाता है कि चार बाइक से वीडियो बना रहे युवकों ने सड़क किनारे खड़े बच्चे को रौंद दिया जिससे बच्चे की मौत हो गई. वहीं तीन बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गए. मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि हम सभी परिवार कानपुर ईंट भट्ठा पर से काम कर नौ महिने बाद वापस घर लौटे और ट्रक से समान उतार रहे थे. बच्चा कार्तिक पास में खड़ा था तभी तेज रफ्तार से आ रहे चार बाइक ने रौंद दिया. थानाध्यक्ष विकास चंद्र यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया.

# धरती का लगातार बढ़ता तापमान क्या खत्म कर देगा जिंदगी? वैज्ञानिकों की ये रिपोर्ट उड़ा देगी नींद

**लोकतंत्र की आवाज**



**अमेरिका (फ्लोरिडा)।** धरती लगातार गर्म क्यों हो रही है, क्या तेजी से बढ़ता ये तापमान इंसानों और जानवरों का जीवन खत्म करने वाला है? भारत से लेकर अरब देशों तक में इन दिनों धरती का तापमान तेजी से बढ़ा है। हीटवेव और हीट स्ट्रोक के चलते सैकड़ों लोगों की जान जा रही है। आसमान से सूरज मानो अंगारे बरसा रहा है।

हर साल धरती का तापमान अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहा है। ऐसे में यह आशंका बढ़ रही है कि क्या लगातार गर्म होती धरती जिंदगी जीने की गुंजाइश को खत्म कर देगी। इस पर वैज्ञानिकों ने जो रिपोर्ट दी है, उसे जानकर आपकी भी नींद उड़ जाएगी। कई देशों में हाल ही में अत्यधिक गर्म मौसम देखा गया है। वैज्ञानिकों ने आशंका जाहिर की है कि यही हाल जारी रहा तो मध्य पूर्व, पाकिस्तान और भारत के कुछ हिस्सों में, गर्मियों में गर्मी की लहरें समुद्र से आने वाली आर्द्र हवा के साथ मिल सकती हैं और यह संयोजन वास्तव में घातक हो सकता है। उन क्षेत्रों में करोड़ों लोग रहते हैं, जिनमें से अधिकांश के पास इनडोर एयर कंडीशनिंग तक पहुंच नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे जैसे वैज्ञानिक इस जोखिम को बेहतर ढंग से समझने के लिए वेट बल्ब थर्मामीटर का उपयोग करते हैं।

### इस साल दिल्ली में ताबड़तोड़ गर्मी

2023 में भीषण गर्मी की लहर के दौरान, निचली मिसिसिपी घाटी में वेट बल्ब तापमान बहुत अधिक था, हालांकि वे घातक स्तर तक नहीं पहुंचे। दिल्ली, भारत में, जहां मई 2024 में कई दिनों तक हवा का तापमान 120 डिग्री फ़ारेनहाइट (49 सेल्सियस) से अधिक था, वेट बल्ब तापमान करीब आ गया, और गर्म और आर्द्र मौसम में संदिग्ध हीटस्ट्रोक से कई लोगों की मौत हो गई। ऐसी स्थिति में सभी को सावधानी बरतनी होगी। क्या यह जलवायु परिवर्तन है? खतरनाक रूप से गर्म और आर्द्र मौसम अधिक स्थानों पर फैलने लगा है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मेंहीं इंग्लिश स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला।** सिरदला प्रखंड के मेंही इंग्लिश स्कूल बरदाहा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार को मनाया गया। जिसमें कक्षा चार से लेकर कक्षा 8 तक के 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक शिव शंकर प्रसाद के द्वारा विभिन्न योगासन बच्चों से कराए गए। जिसमें प्रमुख रूप से शुक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, दीर्घ श्वसन, भस्त्रिका, अनुलोम विलोम कराए गए। इस मौके पर बच्चों को योग के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें बताया गया कि अपनी दिनचर्या में कुछ समय निकालकर योगासन अवश्य करें। इससे शरीर स्वस्थ रहता है। मौके पर स्कूल के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### छापामारी में गई विद्युत टीम पर हमला

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के खरोखर गांव में विद्युत विभाग के टीम पर छापामारी अभियान के दौरान कुछ लोगों द्वारा हमला कर मारपीट किया गया। इस मामले में कनीय विद्युत अभियंता संतोष कुमार ने खरोखर गांव के विशाल सिंह एवं तीन अज्ञात के विरुद्ध रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। उल्लेख किया है कि छापामारी दल पर उक्त आरोपियों द्वारा जानलेवा हमला कर गाली गलौज एवं मारपीट करने लगा। मुझे राहुल कुमार ने खींचकर एक घर में बंद कर दिया।और जप्त किया गया तार छीन लिया। मेरा मोबाइल छीनकर साक्ष्य को मिटा दिया गया। मैं एवं अन्य छापामारी दल में शामिल कर्मी किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे। जिसके कारण और दूसरे गांव में छापामारी नहीं कर सके। इस संबंध में प्रशिक्षु एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### प्रो. बृज बिहारी प्रसाद सिंह व गोपेश कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाये जाने पर बधाई

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** महिला महाविद्यालय, वारिसलीगंज में बुधवार को प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य बनाये गये महिला महाविद्यालय के प्रो बृज बिहारी प्रसाद सिंह और कृषक महाविद्यालय, धेवधा के गोपेश कुमार को सम्मानित करते हुए बधाई दी गयी। बधाई देते हुए बिहार राज्य संबंध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिंह, सचिव प्रो सुनील कुमार, महासंघ के कार्यालय सचिव सह मीडिया प्रभारी विकास कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ अशोक कुमार, डॉ रवि कुमार रवि, प्रो अंजनी कुमार, प्रो शशि भूषण कुमार तथा प्रो विजय कुमार सिंह आदि ने उपस्थित होकर नवचयनित कार्यकारिणी सदस्यों का फूल माला देकर स्वागत किया। कहा गया कि महासंघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाये जाने से संगठन को मजबूती मिलेगी।

### पुलिस ने धिरौन्ध गांव से अवैध बालू से लदा एक ट्रैक्टर को किया जप्त



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला।** सिरदला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धिरौंद गांव में छापेमारी कर अवैध बालू से लदा एक ट्रैक्टर को जप्त किया है। जिसे थाना परिसर लाया गया है। थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर के ड्राइवर भागने में सफल रहा। जिसे खनन अधिनियम के तहत अवैध बालू का खनन करने, परिवहन करने के आरोप में वाहन मालिक के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# धनी फाइनेंस के नाम पर लोन दिलाने वाले पार्क ड्राइवर अपराधी गिरफ्तार

**सभी गिरफ्तार अपराधी प्रखंड के कोचगांव और कांधा गांव से हैं**

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना की पुलिस ने वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र से पांच साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। वहीं गिरफ्तार अपराधी के पास से सात एंड्रॉयड फोन, एक कीपैड फोन, 150 पेज का कस्टमर डाटा शीट बरामद किया गया। इस मामले में एसपी अंब्रीश राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि दिनांक 20 जून को वारिसलीगंज थाना को सूचना मिली कि ग्राम कोचगाँव में कुछ साइबर अपराधी इकट्ठा हुए है जिनके द्वारा भोले भाले जनता को ठगने का काम किया जा रहा है। सूचना को जिले के एसपी को अवगत कराते हुए एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।जिसका नेतृत्व वारिसलीगंज थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा पूरी मजबूती के साथ कर रहे थे।पुलिस द्वारा उक्त स्थल पर पहुँच कर देखा तो पाया की कोचगाँव से पश्चिम अवस्थित बगीचा में कुछ साइबर अपराधी इक्ट्ठा हैं और साइबर क्राइम का अपराध कर रहें हैं।जिसे घेराबंदी करके छापेमारी किया तो सभी अपराधी पुलिस को देख कर भागने लगे जिसमें से 2 साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया जबकि शेष अपराधी भाग निकले। गिरफ्तार अभियुक्त को थाना लाने के क्रम में सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ साइबर अपराधी प्रखंड के ग्राम काँधा से उत्तर स्थित बगीचा में भोले भाले लोगों से पैसे की ठगी कर रहें हैं। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु काँधा स्थित बगीचा को घेराबंदी कर छापेमारी किया तो पुलिस बल देख 12-13 लोग वहाँ से भागने लगे जिसने से 3 लोगों को साथ में रहे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ कर अपने कब्जे में लिया। शेष खेत खलिहान एवं ऊँच-नीच राश्ता होने के कारण भागने में सफल रहे। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया की इन लोगों के द्वारा फेसबुक पर धनी फाइनेंस के नाम से फेक आईडी बनाया जाता है। कस्टमर डाटा से उपलब्ध मोबाइल नंबर के धारक को धनी फाइनेंस के नाम से ऑनलाइन लोन देने के नाम पर फोन कर लुभाते थे। जब कोई ग्राहक इनके जाल के फैंस जाता था तो वास्तविक लगने के लिए इनसे इनके व्यक्तिगत विवरण जैसे की आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पासबुक की छायाप्रति, पैनकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो ईमेल आईडी आदि की माँग करते थे। इन कागजातों के लिए ये व्हाट्सएप से मेसेज भेजते थे। उसके बाद ग्राहक से एनओसी सर्टिफिकेट के रूप में पैसे की माँग करते थे। एनओसी मिल जाने के उपरांत ग्राहक को व्हाट्सएप के माध्यम से एप्रूवल लेटर भेजते थे तथा उक्त व्यक्ति से लोन दिलाने के नाम पर प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में पैसे की माँग करते थे। पुलिस के द्वारा इनसे बरामद समान को जप्त किया गया तथा इनके विरुद्ध वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 220/2024 दर्ज किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त में 1. उत्तम कुमार उम्र 20 वर्ष पिता अरुण प्रसाद साकिन पलटपुर थाना कतरीसराय जिला नालंदा। 2.साजन कुमार उम्र 19 वर्ष पिता सुधीर प्रसाद साकिन लालपुर थाना वारिसलीगंज जिला नवादा। 3.लक्ष्मण सिंह उम्र 40 वर्ष पिता जगन्नाथ सिंह साकिन कटौना थाना कतरीसराय जिला नालंदा। 4.मुन्ना कुमार उम्र 29 वर्ष पिता बाबूलाल सिंह साकिन कांधा थाना वारिसलीगंज जिला नवादा। 5.रौशन कुमार उम्र 20 वर्ष पिता विजय सिंह साकिन कांधा थाना वारिसलीगंज जिला नवादा हैं। सभी गिरफ्तार अपराधियों को पुलिस अभिरक्षा में व्यवहार न्यायालय नवादा भेजते हुए मंडल कारा नवादा भेज दिया गया।

# एक अदद बस पड़ाव को तरस रही है वारिसलीगंज की जनता



लोकतंत्र की आवाज

**● बस पड़ाव के अभाव में फुटपाथ पर लगता है वाहन**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज (नवादा):-अनुमंडल बनाने की सभी आर्हताएं होने के बावजूद वारिसलीगंज नगर परिषद की जनता एक अदद बस पड़ाव को तरस रही है। नियत स्थान पर बस पड़ाव नहीं रहने से वाहनों को बाजार में बीच सड़कों के फुटपाथ पर यत्र-तत्र लगाकर सवारी चढ़ायी जाती है। बाजार के मुख्य पथ की घनी आबादी वाले स्थानों पर आधा दर्जन अवैध बस पड़ाव बना हुआ है, जिस कारण बाजार में प्रति दिन जाम लगते रहती है। सबसे गंभीर स्थिति अति व्यस्त जय प्रकाश चौक की है, जहां दिन में कई बार लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली वाहनो, एम्बुलेंस तथा पैदल यात्रियों को होती है। वारिसलीगंज बाजार के गुमटी रोड होकर प्रायः जैन धर्म से जुड़े पर्यटक वाहन जमुई जिले के लछुआर तथा बाबा के नगरी देवघर आते जाते रहते है, जिन्हें जाम से जुझने की विवशता होती है।

**अतिक्रमण से भी होता है जामः** बाजार के मुख्य सड़क का फुटपाथ कहीं भी खाली नहीं है। कहीं दुकानदारों का अतिक्रमण, तो कहीं गरीब ठेला वेंडरों की दुकान शहर का फुटपाथ छीन लिया है। फलतः सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। वारिसलीगंज बाजार में फुटपाथ की समस्या से आम राहगीरों समेत वाहन चालकों को भी जूझना पड़ता है। बेपरवाह हैं अधिकारी वारिसलीगंज बाजार में जाम कोई नयी बात नहीं है। स्थानीय और जिले के अधिकारी इस सड़क से गुजरते है, लेकिन जाम की समस्या के प्रति संवेदनहीन है और स्थिति ज्यों-की- त्यों बनी रहती है।

## समयबद्ध एवं सुरक्षित ट्रेनों के परिचालन हेतु संरक्षा संगोष्ठी का किया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद।** सुरक्षित एवं समयबद्ध ट्रेनों की परिचालन के लिए रफीगंज में भारतीय रेल सांकेतिक सेवा के अधिकारी व डीडीयु रेल मंडल के सीनियर डीएसटीई राजेश कुमार कुशवाहा के द्वारा संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने ट्रेनों की संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित रखने संबंधी तकनीक कवच,ऑटोमेटिक ब्लॉक, सिग्नलिंग सिस्टम, ट्रैक सर्किट, एमएसडैग,इंटरलौकिंग सिस्टम, एक्सल काउंटर, यूएफएसबिभाई, मोटर प्वाइंट आदि पर प्रकाश डालते हुए रेलकर्मियो से सुक्ष्म तरिके अनुरक्षण करने को कहा। हिदायत दी की ट्रैक पर मोबाइल का उपयोग न करे। चलते समय हमेशा ट्रेन की दिशा की विपरीत चले।उपस्थित सभी लोगों ने सभी कार्य में शार्टकट न करने का शपथ लिया। इस अवसर पर एसएसई संजय कुमार, जेई मोहन यादव, एसआईएम मिथिलेश कुमार,राजेश प्रसाद, सिताराम यादव, सत्येन्द्र प्रसाद, भानुप्रताप, रिसव राज, प्रफुल्ल कुमार, सहायक संकेत अवधेश प्रसाद, जुगेशर यादव, प्रमोद प्रजापति, उमेश कुमार, रमेश कुमार, संजय कुमार, सुरेन्द्र रिक्यासन,विद्युत कुमार आदि शामिल थे। इस दौरान सभी ने कार्य में शार्टकट न करने का शपथ लिया।

## योग की बुनियादी आवश्यकता और इसे दिनचर्या में शामिल करने के लिए छात्रों का आह्वान किया: प्रधानाचार्य

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** दसवें वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर गया कॉलेज, गया की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एक योग शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें एनएसएस वालंटियर के अलावा एनसीसी कैडेट , स्पोर्ट एवं बीएड विभाग तथा कॉलेज के अन्य विभाग के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक के रूप में बीपार्ड , गया के रवि पांडे कुणाल किशोर और शशि भूषण ने योग से जुड़ी हुई विभिन्न मुद्राओं के बारे में छात्र-छात्राओं को अभ्यास कराया एवं योग के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। प्रत्येक प्राणायाम से जुड़े हुए फायदे एवं विभिन्न बीमारियों का निदान योग के माध्यम से किस प्रकार किया जा सकता है इसके बारे में बतलाया है। प्रधानाचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्र ने योग की बुनियादी आवश्यकता और इसे दिनचर्या में शामिल करने के लिए छात्रों का आह्वान किया और उसके तात्कालिक लाभ पर भी चर्चा की गई है। इस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि छात्र जीवन के लिए योग बहुत महत्वपूर्ण होता है , योग के माध्यम से चित्त को एकाग्र करके पठन-पाठन में उन्हें मदद मिलती है और अनुशासन में बने रहने के लिए भी योग आवश्यक है । योग को अपनाने से हम हमेशा निरोगी बने रहते हैं और सुख पूर्वक जीवन यापन करते हैं ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के बर्शर आदर्श गुप्ता, स्पोर्ट के अंजनी कुमार ,एमबीए से अमरजीत सिंह, भंडारपाल नीरज कुमार एवं एनएसएस के वॉलिंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस इस अवसर पर गया कॉलेज के प्रॉक्टर रामदेव प्रसाद, मनोविज्ञान विभाग के आनंद कुमार ,शिक्षाशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ धनंजय धीरज एवं अन्य शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। स्वयंसेवकों में सावन अभिषेक, सौरव कुमार, विपिन कुमार, धीरज कुमार,कुंदन कुमार , आर्यन कुमार, विशाल राज, हर्ष कुमार दिव्या भारती , रौशनी कुमारी,शानू कुमारी, तन्नू कुमारी, उरूज़ ताकिर,स्मृति कुमारी,रेवी कुमारी,रानी कुमारी, ,मो इश्तियाक अभिजीत सिंह,रोहित रंजन, राहुल राज, सत्यमभोला, विशाल सिंह, विनायक कुमार ,मोनू कुमार इत्यादि ने सहभागिता की है। इस कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी डॉ धनंजय धीरज के द्वारा किया गया है।

## नवादा : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नवादा में चहुंओर दिखा उल्लास, सांसद विवेक ठाकुर भी किए योग

लोक तंत्र की आवाज़



**सुनील कुमार**
**नवादा ।** शुक्रवार को जिले में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में लोग श्रद्धा के साथ शामिल हुए। 10 वीं योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम नगर के आर्य समाज मंदिर के प्रांगण मे आयोजित हुआ। पंतजलि योग समिति द्वारा आयोजित इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने शिरकत करते हुए और योग दिवस को सार्थक बनाया। इस योग शिविर नवादा नवादा सांसद विवेक ठाकुर द्वारा आयोजित किया गया ,जिसमें भाजपा भाजपा नेताओं समेत जिले के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए . योग दिवस में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ,महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गीता रानी , डॉ.विमल प्रसाद , सुधीर सिंह सहित शहर के कई गण्यमान्य नागरिक व आमलोग शामिल हुए। प्रातः 06 बजे भारत माता की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम हुआ। योग क्या है इसके बारे में बताया गया। बताया गया कि योग करने से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। जिसमें खड़े होकर किये जाने वाले योग ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन एवं त्रिकोणासन एवं बैठकर किये जाने वाले योग दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्धउष्ट्रासन, शशकासन, वक्रासन आदि योग के बारे में बताया गया एवं योग के बाद थकावट दूर करने के लिए श्वासन की क्रिया कराई गई। तत्पश्चात प्राणायाम की कड़ी में कपाल भाति, अनुलोम-विलोम भ्रामरी का क्रियात्मक प्रदर्शन किया गया एवं इससे होने वाले लाभ भी बताया गया। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योग के अनेक लाभों के बारे में दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह उस प्राचीन भारतीय प्रथा को मान्यता देने का दिन है, जो मानसिक और शारीरिक कल्याण पर केंद्रित है। योग शारीरिक व्यायाम से कहीं आगे जाता है। इसमें मानसिक और आध्यात्मिक पहलुओं को सम्मिलित किया गया है, तथा समग्र कल्याण की भावना को बढ़ावा दिया गया है। आज भारत द्वारा 10 वर्ष पूर्व शुरुआत हुआ और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के प्रयास से पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जाता है।

## जीएनएम एवं केवीके के कर्मियों के साथ एसएसबी जवानों ने किया योग, नित्य दिन योग करना का लिया संकल्प

लोक तंत्र की आवाज़



**रौशन कुमार सोनू**
**कौआकोल(नवादा )।** विश्व योग दिवस पर शुक्रवार को प्रखण्ड में योग कार्यक्रम की धूम रही। प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में चंद्रजीत, कार्यवाहक कमांडेंट 32 विन्न में वाहिनी के निर्देशन में उप निरीक्षक नीरव कुमार के नेतृत्व में ई.कम्पनी 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा 10 वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षक के रूप में सूर्यकांत प्रसाद निराला एवं प्रफुल्ल कुमार मौजूद रहे। इस दरम्यान उन्होंने एसएसबी के जवानों, ग्राम निर्माण मण्डल, कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मियों तथा स्थानीय लोगों को योग करने की विधि के बारे में बताया। लोगों को कई प्रकार के प्राणायाम जैसे-अनुलोम विलोम, नारी शोधन, कपालभांति के साथ साथ अनेक प्रकार के आसन, तारासन, तिर्यक आसन, मंडूकासन, मकरासन, मत्स्यासन आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक नीरव कुमार ने लोगों को संदेश दिया कि योग एक ऐसा विज्ञान है, जिससे न सिर्फ लोगों का शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं नैतिक विकास होता है। बल्कि इससे लोगों में सत्यनिष्ठता, ईमानदारी, परोपकारिता, दृढ़ता, धैर्यता व समरसता जैसे मानवीय मूल्य का भी उत्थान होता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने जीवन में स्वास्थ्यता को बनाए रखने के लिए योग को नित्य दिन आत्मसात करने की शपथ ली। इस दौरान जो करे योग, वह रहे निरोग का भी संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ० धनंजय कुमार के अलावे दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एकजुट हुए ग्रामीण चिकित्सक, इस आयोजन में योग को बढ़ावा देने पर लिए गए संकल्प

लोक तंत्र की आवाज़



**वक्तियारपुर।** प्रदेश चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ जदयू के ताप प्रावधान में योग दिवस का आयोजन किया गया इस आयोजन में ग्रामीण चिकित्सा को ने एकजुट होकर योग को बढ़ावा देने पर लिया गया संकल्प पुरानी बाईपास बख्तियारपुर के पूजा क्लीनिक में मनाया गया प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे इस आयोजन का नेतृत्व करते हुए मानव जीवन में स्वस्थ रहने के लिए योग व्यायाम योगासन इत्यादि पद्धति को अपना ही योग का महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई उन्होंने कहा कि ग्रामीण चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर प्राथमिक स्वास्थ्य लाभ देकर करोना कल में साबित कर दिखा दिया कि बिना जान की परवाह किए हुए स्वास्थ्य लाभ देकर गरीब गुरुवा को बचाने में अपना योगदान दिया बेहतर काम के बदले बेहतर सम्मान के हकदार निश्चित रूप से हैं डॉक्टर शर्मा ने अध्यात्म से जोड़कर योग के अपना कर स्वस्थ रहने के लिए चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि योगासन बहुत जरूरी है यह इस पद्धति को योग गुरुओं के द्वारा प्रचार प्रसार हो रहा है गौरतलाप है कि इसकी जागरूकता करने में लाने में ग्रामीण चीकिसको की भागीदारी अहम रही है रोगियों को स्वास्थ्य लाभ देना जरूरी है इस पर प्रकाश डाला गया प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय दिवस के वैश्विक स्वरूप देने का शेयर ई भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में यह प्रस्ताव रखा और मंजूरी मिलने के बाद 21 जून 2015 से पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय दिवस के तौर पर मान रहा है भारत को योग और साधना की सब लोगों ने लोहा मानते हैं इस मौके पर ग्रामीण चिकित्सकों के प्रश्न उत्तर देते हुए डॉक्टर शर्मा ने आज स्वास्थ्य करते हुए कहा कि आप लोग प्रशिक्षित हुए हैं सौ बात की एक बात सब दिन कहते आया हूं कि समायोजन सरकार सुशासन बाबू नीतीश कुमार के बिना कोई नहीं कर सकता वे मतलब के दरवाजा खटखटाना मुनासिब नहीं समझता उनके दहन में हमेशा ग्रामीण क्षेत्रों में लाभ पहुंचाना और आपकी सहभागिता को जरूरतमंद समझकर ही प्रशिक्षण मुख्यमंत्री जी ने दिलाया और परिपक्व बनाने का मंजूरी दिया आयोजन के लिए हमारा प्रयास और डॉक्टर एलबी सिंह का कृपया से सारा काम हुआ प्रतिबद्धता दोहराते हुए आप लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हैं इस मौके पर जदयू नेता डॉक्टर वीरेश कुमार एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व कार्य करनी सदस्य ड्रा.विवेकानंद ने भी इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस को परंपरागत बनाने का जो संगठन ने का किया है एवं संकल्प के साथ सफलता की ओर एक न एक दिन बढ़ेंगे हमें विश्वास है इस मौके पर डॉक्टर संजय कुमार डॉक्टर विपिन कुमार डॉक्टर रिंकू कुमार विकास कुमार इत्यादि कई सारे ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित रहे ।

## आर. जी. एन. स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लगाया गया योग शिविर

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** बड़की बाग शेरघाटी तथा किशोरी मोहन काम्प्लेक्स स्थित आर. जी. एन. पब्लिक स्कूल के दोनो शाखाओ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विद्यालय में योगाभ्यास कराया गया साथ हि विद्यार्थी जीवन मे योग का महत्व पर चर्चा किया गया है। इस आयोजित योग शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ योग किया गया है। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने बच्चों तथा शिक्षको को सम्बोधित करते हुवे कहे की इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया है । इस कार्यक्रम का शुरूआत गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई है। निदेशक संजय कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुवे कहे की विद्यार्थियों के लिए योग बहुत ही लाभदायक है इससे बच्चों के मन-मस्तिष्क में स्थिरता आती है और बच्चों को अपनी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने में भी पूर्ण रूप से सहायता मिलती है। योग के प्रभाव को देखते हुए आज चिकित्सक एवं वैज्ञानिक योग के अभ्यास की सलाह देते हैं। योग साधु-संतो के लिए ही नहीं वरन् समस्त मानव जाति के लिए आवश्यक है, विशेषकर छात्र जीवन के लिए तो बहुत ही आवश्यक है । उन्होंने बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे मे बताये की इस दिवस का उद्देश्य योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक फायदों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसे दुनिया भर में एक स्वस्थ जीवनशैली के रूप में अपनाने को प्रोत्साहित करना है ।उसके बाद योग शिक्षिका अर्चना कुमारी ने बच्चों को विभिन्न आसन व प्राणायामों के बारे में व उनसे होनेवाले लाभ के बारे में बताया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नगीना लोकसभा सीट पर भाजपा की हार की समीक्षा करने पहुंचे ब्रज बहादुर सिंह

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**नगीना।** उत्तर प्रदेश नगीना लोकसभा हार की समीक्षा करने पहुंचे ब्रज बहादुर सिंह समीक्षा से पहले जाना चुनाव पूर्व नगीना लोकसभा सीट के प्रबल दावेदार रहे पूर्व विधायक रविदासाचार्य सुरेश राठौड़ का हाल। प्राप्त सूचना के अनुसार नगीना लोकसभा सीट हारने के बाद हार की समीक्षा करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर सिंह, लोकसभा नगीना के अंतर्गत वह कर रहे हैं नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, नूरपुर एवं नेहटौर विधानसभा की समीक्षा। प्राप्त सूचना के अनुसार जैसे ही ब्रज बहादुरसिंह को पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ के बीमार होने वअस्पताल में एडमिट होने का मालूम चला वह तुरंत जिला कमेटी के साथ पूर्व विधायक का हाल-चाल जानने निजी अस्पताल पहुंचे। पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ से लोकसभा नगीना के बारे में एवं उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ की। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश संगठन द्वारा नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष बज बहादुर सिंह, क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी, मंडल अध्यक्ष नगीना नीरज बिश्नोई, युवा भाजपा नेता रोहित रवि, लवि सिंह, भाजपा युवा मोर्चा शिव प्रताप सिंह एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कार व बाइक की आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार दो लोग घायल

घनश्याम तिवारी

**सिकंदरपुर बलिया।** सिकन्दरपुर बेल्थरा मार्ग पर धोबहा शहीद बाबा के स्थान (नवानगर ब्लॉक के समीप) के समीप कार व बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए थे, दोनों घायलों को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हुसैनपुर गांव निवासी 50 वर्षीय महेंद्र राजभर गुरुवार की सुबह उसी गांव के 45 वर्षीय कन्हैया राजभर के साथ अपने घर से सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के सिसोटर गांव में किसी कार्यवश जा रहे थे। वह जैसे ही नवानगर ब्लॉक के समीप स्थित धोबहा शहीद बाबा के स्थान के समीप पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार से बाइक की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई, घटना में बाइक सवार दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, जबकि कार सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। घटना के बाद कार चालक व स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया इलाज के दौरान50 वर्षीय महेंद्र राजभर की मौत हो गयी जबकि कन्हैया का अभी इलाल चल रहा है महेंद्र की पत्नी अनिता और पुत्र सुनील और सनोज तथा पुत्री मनीषा का रो रोकर बुरा हाल है।

### घर पर दो बहनों की सिर कटी लाश मिली



रत्ना

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने लिया हिरासत में, करीब दो घंटे तक पूरा मामला अपडेट किए वहीं अब इस मामले में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि भाजपा सरकार में सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है। लगातार परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक हो रहे हैं सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। लाखों करोड़ों छात्रों के भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। पुलसि ने प्रदर्शनकारियों को वापस जाने को कहा। काफी देर तक नोकझोक के बाद पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को बसों में बैठाकर इको गार्डन धरना स्थल पर भेज दिया। वहां पर करीब दो घंटे तक हिरासत में रखने के बाद पुलिस ने सभी को रिहा किया।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्तरीय व्यापार बंधु बैठक की समीक्षा, व्यापारियों की समस्याएं सुन निस्तारण के दिए निर्देश

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी



**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक की कार्यवृत्ति के आधार पर समस्याओं के निस्तारण के लिए दिए गए निर्देशों के अनुपालन आख्या के संबंध में समीक्षा की। व्यापारी विजय कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया कि जनपद के सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में शौचालय एवं मूत्रालय सही नहीं है, कुछ जगहों पर लगे आरो प्लांट बहुत दिनों से बंद है, इस पर जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को शौचालय, मूत्रालय और आरो प्लांट के संचालित होने की व्यवस्था को वेरीफाई करने का निर्देश दिया। साथ ही मनियर और बैरिया से अनुपालन आख्या प्राप्त न होने पर संबंधित अधिशासी अधिकारी का स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि गर्मी के दिनों में कहीं भी पीने के पानी समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सीआरओ को नगरपालिका और नगर पंचायतों की प्रॉपर मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि नगर पालिका परिषद, बलिया के क्षेत्र में सार्वजनिक स्टैंड की व्यवस्था न होने और येलो लाइन की व्यवस्था के अनुसार गाड़ी न खड़ा करने पर जिलाधिकारी ने नगरपालिका बलिया के अधिशासी अधिकारी को सभी व्यापार मंडल प्रतिनिधियों और नगर पालिका के अध्यक्ष के साथ बैठक कर स्थान चिन्हित करने का निर्देश दिया।सार्वजनिक स्टैंड के लिए व्यापारियों ने कुछ जगहों के बारे में अपने सुझाव दिए। येलो लाइन के अंतर्गत गाड़ियों को खड़ा करवाने की व्यवस्था के लिए उन्होंने सीओ सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को सामंजस्य बनाकर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मंजय सिंह द्वारा बताया गया कि महिला अस्पताल रोड पर एक सुलभ शौचालय का होना अति आवश्यक है, जिससे दूर दराज से आने वाली महिलाएं को परेशानियों का सामना न करने पड़े। इस पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बलिया ने बताया कि जिला अस्पताल में स्थान चिन्हित कर लिया गया है मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से अनुमति लेकर शौचालय का निर्माण करा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने शौचालय निर्माण के लिए अधिशासी अधिकारी को अगले बैठक तक का टाइम दिया। इसी प्रकार व्यापार प्रतिनिधियो द्वारा, स्ट्रीट वेंडर को प्रमाण पत्र नगरपालिका बलिया द्वारा न देने, बिजली बिल के भुगतान के लिए नेट मीटर लगवाने और शहरी क्षेत्र के हिसाब से बिल का भुगतान किया जा रहा है लेकिन फीडर ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जैसी समस्याओं/शिकायतों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। इन मामलों के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उसकी गुणवत्ता पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस बैठक में सीआरओ त्रिभुवन, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी, सीओ सिटी गौरव वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं जनपद के व्यापारी मौजूद थे।

## यूपी के स्कूलों में लागू होने जा रहे ये नियम, अब कसा जाएगा शिकंजा




लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

**लखनऊ।** फीस स्ट्रक्चर में होगा बदलाव यूपी के स्कूलों में नए नियम लागू होने वाले हैं। राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण स्कूलों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है। नई नियमावली तैयार की जा रही है और जल्द इसे मंजूरी दिलाई जाएगी। प्राधिकरण के गठित होने के बाद निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगेगी। वह मनमानी फीस नहीं वसूल सकेंगे। निजी व सरकारी स्कूलों की जोड़ी बनाई जाएगी यूपी के स्कूलों में लागू होने जा रहे ये नियम, अब कसा जाएगा शिकंजा; फीस स्ट्रक्चर में होगा बदलाव यूपी के स्कूलों में नए नियम लागू होने वाले हैं। राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण स्कूलों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है। नई नियमावली तैयार की जा रही है और जल्द इसे मंजूरी दिलाई जाएगी। प्राधिकरण के गठित होने के बाद निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगेगी। वह मनमानी फीस नहीं वसूल सकेंगे। निजी व सरकारी स्कूलों की जोड़ी बनाई जाएगी। यूपी के स्कूलों में लागू होने जा रहे ये नियम, अब कसा जाएगा शिकंजा; फीस स्ट्रक्चर में होगा बदलाव राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण कसेगा स्कूलों पर शिकंजा - जागरण ग्राफिक्स अब नियमावली बनाए जाने का काम हुआ शुरू

निजी व सरकारी स्कूलों की बनाई जाएगी जोड़ी राज्य ब्यूरो, लखनऊ। स्कूलों पर शिकंजा कसने के लिए राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण गठित करने की तैयारी तेज कर दी गई है। अब इसकी नियमावली तैयार की जा रही है और जल्द इसे मंजूरी दिलाई जाएगी। प्राधिकरण के गठित होने के बाद निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगेगी। वह मनमानी फीस नहीं वसूल सकेंगे और विभिन्न मानकों को सख्त किया जाएगा। यह स्वायत्त संस्था होगी और इसके अध्यक्ष व सदस्यों के चयन के लिए योग्यता तय की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग को इसकी नियमावली तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। प्राइमरी और माध्यमिक स्कूल अभी बेसिक शिक्षा परिषद व माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से तैयार किए गए नियमों के अनुसार चलाए जा रहे हैं। ऐसे में नियमों को मौजूदा समय की जरूरत के अनुसार अपडेट किया जाएगा और उन्हें सख्ती से लागू कराया जाएगा। प्राधिकरण सभी स्कूलों का मूल्यांकन भी करेगा, जिसके आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी।

## शेषन हाउस सिविल लाइन में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया अशोक कुमार-सप्तम के अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रातः 06:00 बजे शेशन हाउस सिविल लाईन बलिया में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण के साथ योग दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त योग दिवस को सफल बनाये जाने हेतु शिविर में योग उपस्थित योग शिक्षक सर्वेश कुमार, वेद प्रकाश प्रभारी पतंजलि योग समिति एवं वरिष्ठ योग शिक्षक मनोज कुमार सिंह द्वारा न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया और साथ स्वथ्य जीवन हेतु योग की महत्ता के बारे में बताया। इस अवसर पर लोगो को योग हेतु प्रेरित करते हुए जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि योगः कर्मसु कौशलम अर्थात् योग से ही कर्मो की कुशलता है, भारतीय संस्कृति की वैदिक परम्परा को जीवन्त करते हुए मानव शरीर के मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु योग एक महत्वपूर्ण प्रयास है। योग को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करें। उक्त कार्यक्रम में विरेन्द्र कुमार पाण्डेय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बलिया, अरविन्द्र कुमार उपाध्याय पीठासीन अधिकारी मोटर दुघर्टना दावा अधिकरण बलिया, अपर जनपद न्यायाधीश पुनीत कुमार गुप्ता, प्रथम कान्त, रवि करन सिंह, महेश चन्द्र वर्मा, ज्ञान प्रकाश तिवारी, रामकृपाल, संजय कुमार गोंड अपर सिविल जज सी0डि0, शाम्भवी यादव मुख्य न्यायिक मजिस्टेट, गार्गी शर्मा, चन्दन कुमार, अधिवक्तागण एवं समस्त तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नीट परीक्षा में धांधली को लेकर कांग्रेस का पूरे यूपी में जबरदस्त प्रदर्शन, हिरासत में लिए गए अजय राय

लोक तंत्र की आवाज

विनय



**कांग्रेस प्रोटेस्ट।** मेडिकल के स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में धांधली के विरोध में कांग्रेस ने लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने हिरासत में लिया है। अजय राय के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय से कूचकर विधान भवन का घेराव करने जा अजय राय के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय से कूचकर विधान भवन का घेराव करने जा रहे थे। इस दौरान अजय समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात व हरियाणा में नीट परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले कई आरोपितों को गिरफ्तार भी किया गया है। जिससे पूरी परीक्षा ही आशंका से घिर गई है। भाजपा शासित राज्यों में युवओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। आये दिन पर्चा लीक होने की घटनाएं हो रही हैं।

## मुरादाबाद अपनी अपहरण हुई बेटी को बरामद कराने के लिए थानों के चक्कर काटने को मजबूर महिला

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह



**सहसपुर।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार गंभीर है. समय-समय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारियों संग बैठक करते रहते हैं. सरकार ने इसको लेकर 'मिशन शक्ति' अभियान भी चला रखा है. इस बार योगी सरकार ने अपने अधीनस्थों को 'मिशन शक्ति' अभियान में महिलाओं की सुरक्षा को मजबूती से कदम उठाए के लिए सख्त निर्देश दिये हैं आप को बता दे कि बिजनौर जिले के पुलिस कप्तान नीरज कुमार जादौन बहुत ही ईमानदार, तथा इंसाफ परस्त निष्पक्ष इंसाफ करने वाले हो उन्ही के जिले में अपराधी किस्म के लोग लोग मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं ताजा मामला मौहल्ला शेखान सहसपुर जिला बिजनौर का है जहां शुक्रवार दिनदहाड़े उमरी से आये गुंडे एक युवती का अपहरण कर ले गये। सहसपुर की एक बेटी का अपहारण हुऐ लग भग 15 दिन होने को है लेकिन स्योहारा थाना पुलिस युवती का कोई सुराग नही लगा सकी मामला सहसपुर का है जहां एक युवती का अपहरण कर लिया गया लेकिन दो थानों की पुलिस जिसमें स्योहारा- बिजनौर कांठ मुरादाबाद से काठ के बीच पुलिस अभी तक उसका पता नहीं लगा पाई है. लड़की की मां ने बताया कि स्योहारा थाना पुलिस ने हमारी लड़की के अपहरण की रिपोर्ट तो दर्ज करली है, जिस की रिपोर्ट 27/7/2024 है- हम नाम दर्ज रिपोर्ट दर्ज कराई है जिस दिन से हमारी लड़की का अपहारण हुआ है उसी दिन से बाद हम लगातार सहसपुर पुलिस चौकी तथा स्योहारा थाने के लगातार चक्कर काट रहे हैं लेकिन हमारी लड़की को अभी तक पुलिस बरामद कर नहीं पाई है दोनों थानों में लड़की बारामदी को लेकर चक्कर रहे हैं आप को बता दे कि मामला दो समुदायों के का है युवती की माता ने जून दिन शुक्रवार को बेटी उमरी थाना कांठ नीति नाम की महिला फोन आया जो कि ब्यूटी संचालिका है, उसी के पास मेरी बेटी ब्यूटी पार्लर का काम सीख रही थी मेरे पास फोन आया कि मेरे पति का भतीजा सौरभ तथा उसका भाई तेरी लड़की को उठा कर ले गए हैं। उसी दिन उमरी ब्यूटी पार्लर संचालिका नीति के पास पहूंची रोई गिड़गिड़ाई के मेरी बेटी मुझे वापस कर दो यह सुनते ही नीति तथा उस के परिवार के लोग आगे बगुला हो गये कहने लगे, तेरी बेटी हमारे कब्जे में है हम तुझे तेरी बेटी को वापस नहीं देंगे। और मुझे गंदी गंदी भी गालियां दी और मुझे वहां से भगा दिया, मैं रोती हुई अपने घर सहसपुर वापस आई और थाना स्योहारा-में रिपोर्ट दर्ज कराई स्योहारा थाना पुलिस अब इस मामले को देख रही है लेकिन मेरी लड़की कहां है इसका पता नहीं लगा पाई है. स्योहारा थाना पुलिस का कहना है मामला दर्ज कर लिया गया है जांच जारी है हम जल्द ही युवती को बरामद परिजनोंको सौंप देंगे।

## बिजनौर फायरिंग के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह



**नांगल सोती।** थाना नांगल सोती पुलिस के द्वारा चार अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार मुण्अ 40 117/2024 34/307/04/506 भादवि व 3/25(1इ) 4/25 गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। दिनांक 19.06.2024 को वादी इमरान पुत्र यासीन नि० मौ० मुगलूशार थाना नजीबाबाद ने थाना आकर तहरीर दी कि प्रतिवादीषण द्वारा गाली गलौच करना, लात घूसो से मारपीट करना तंमचे की बट से वादी के मुँह पर बट से प्रहार करना जिससे वादी लहुलुहान होकर नीचे जमीन पर गिर पडा तथा जान से मारने की नियत से तमचे से फायर करना व जान से मारने की धमकी देना। वादी की तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर मु०अ०सं० 117/2024 धारा 34/307/504/506 भादवि बनाम केशव आदि 94 नफर अभियुक्त पंजीकृत किया गया। कार्यवाही बिजनौर पुलिस द्वारा जनपद में अपराधो की रोकथाम एंव वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलावे वा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना नांगल पुलिस द्वारा मु०अ०सं०-117/24 धारा 34/307/504/506 भादवि थाना नांगल जनपद चिजनौर में नामजद अभियुक्त 1. केशव पुत्र ओमपाल नि० ग्राम जालपुर थाना नांगल जनपद बिजनौर को पटना में प्रयुक्त तंमचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है 2. अजहर पुत्र अकबर नि० ग्राम शहजादपुर थाना नांगल जनपद बिजनौर को घटना में प्रयुक्त एक अदद चाकू के साथगिरफ्तार किया गया है। 3.मूरा पुत्र अब्दल मतीन नि० 4/25 शस्त्र अधि० की वृद्धि की गयी। उपरोक्त गिरफ्तारी के संबंध में बाना नांगल पर ग्राम सराय आलम चाना नागल जनपद बिजनौर को घटना में प्रयुक्त 01 चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है 4. राशिद पुत्र महबूब नि० ग्राम व थाना नांगल जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया है बरामदगी के आध तार पर धाप 3/25 (1-इ) व अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुको का नाम व पता-**

1. केशव पुत्र ओमपाल नि० ग्राम वालपुर थाना नांगल जनपद बिजनौर
2. अजहर पुत्र अकबर नि० ग्राम शहजादपुर थाना नांगल जनपद बिजनौर
3. भूरा पुत्र अब्दल मतीन नि० ग्राम सराय आलम भाना नागल जनपद बिजनौर
4. राशिद पुत्र महबूब नि० ग्राम व भाना नांगल जनपद बिजनौर
5. गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. थानाध्यक्ष श्री अशोक कुमार थाना नागल जनपद बिजनौर 2 का0 63 राकेश कुमार थाना- नागल जनपद बिजनौर 3. का0 1074 राजीव कुमार थाना नांगल जनपद बिजनौर 4. का0 156 रोहित कुमार थाना नांगल जनपद बिजनौर 5. का0 2569 आकाश कुमार भाना

नांगल जनपद बिजनौर . एक बगर टाख इंडिको 1.वङ 07 अअ 3068
2. एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज व एक जित्दा कारतूस 315 बोर नाजायज।

## योग दिवस का कार्यक्रम वीर लोरिक स्टेडियम में हुआ आयोजित

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी


**बलिया।** जनपद में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम वीर लोरिक स्टेडियम में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश दयाशंकर मिश्र 'दयालु' जी मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। प्रभारी मंत्री ने महर्षि पतंजलि की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के लिए नामित नोडल आवास आयुक्त बलकार सिंह भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के सामूहिक योगाभ्यास, आसन और प्राणायाम कराया गया। हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए है। यहां पर प्रभारी मंत्री द्वारा योग सप्ताह पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, निबंध, भाषण, योगासन और स्लोगन, के विजेताओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत भी किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामविचार पांडेय को प्रभारी मंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर का मोमेंटो भेंट किया। जिलाधिकारी ने भी प्रभारी मंत्री को काशी विश्वनाथ मंदिर की मोमेंटो देकर सम्मानित किया।आयुष विभाग, बलिया द्वारा सामूहिक योग दिवस में शामिल सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की टी-शर्ट प्रदान किया गया । प्रभारी मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग विधा भारत के द्वारा संपूर्ण विश्व और मानव सभ्यता को सबसे बड़ी देन है। यह भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति का हिस्सा है। यह उत्तर प्रदेश के लिए विशेष गौरव की बात है क्योंकि योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली उत्तर प्रदेश और कर्मभूमि काशी है। साल 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। साल के 365 दिनों में आज का दिन सबसे लंबा होता है।उन्होंने कहा कि आज दुनिया के 200 से अधिक देशों में भारत की इस सनातन विधा को स्वीकृति मिली है और सभी ने इसे सहर्ष स्वीकार किया है। आज सारे विश्व में चाहे वह लंदन की बिगवेन घड़ी, अमेरिका का टाइम्स स्क्वायर या फ्रांस का एफिल टावर हो, इस योग की विधा से संसार का कोई भी कोना अछूता नहीं है। कहा कि आप लोगों को जानकर हैरानी होगी कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ में सर्वाधिक मतों से पास होने वाला प्रस्ताव है। उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से अपील किया कि शरीर को निरोग रखने के लिए योग को अपने जीवन शैली में शामिल करें और प्रतिदिन योग करने का संकल्प लें। कहा कि स्वस्थ मन और स्वास्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए हमारे आने वाले कल को बेहतर बनाने के लिए योग जरूरी है, तभी हम एक बार फिर विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि योग भारत की महत्वपूर्ण विरासत है। यह हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अति आवश्यक है। अगर हम नियमित रूप से योग करें तो हमारा शरीर और मन दोनों ही स्वस्थ रहेगा। नोडल अधिकारी बलकार सिंह ने कहा कि देश के लिए यह गौरव की बात है कि योग को अंतरराष्ट्रीय दिवस का दर्जा प्राप्त हुआ है। योग के प्रचार प्रसार से भारत के सांस्कृतिक इतिहास के बारे में पूरा विश्व जान गया है और उससे पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिला है।



## प्रसिद्ध सर्राफा व्यापारी की पुत्रवधू के कन्या का जन्म होने पर नगर के लोगों को कराया भोज

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह



**नजीबाबाद।** शहर के प्रतिष्ठित व सम्मानित सर्राफा व्यापारी कपिल सराफ के घर में दौंडी खुशियों की लहर। आपको बता दे नगर नजीबाबाद में प्रतिष्ठित व सम्मानित सर्राफा व्यापारी कपिल सराफ के छोटे पुत्र अर्चित सराफ पत्नी अक्षिता सराफ के यहां ईश्वर की अनुकंपा से सुंदर कन्या नायशा का जन्म हुआ है। इसी उपलक्ष्य में सर्राफा व्यापारी कपिल सराफ ने शहर के सभी सम्मानित व गणमान्य नागरिकों को रात्रि भोजन पर बुलाया। तथा सभी सम्मानित नागरिकों का मुंह मीठा कराया। जिसमें सभी राजनीतिक दलों के नेता गण व नगर मीडिया कर्मी एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। प्रोग्राम नजीबाबाद के कोटद्वार रोड स्थित सुरेश बैंकट हॉल में शाम 7:00 बजे प्रारंभ हुआ और रात्रि 1:00 बजे तक कार्यक्रम चला जिसमें तरह-तरह के व्यंजन पकवान का शहर वासियों ने जमकर लुफ्त उठाया। जिसमें कपिल सराफ। मंजू सराफ। हर्षित सराफ, सुरभि सराफ, अर्चित सराफ, अक्षिता सराफ, नायशा सर्राफ, नजीबाबाद अध्यक्ष पालिका इंजीनियर मुअज्जम, नजीबाबाद थाना अध्यक्ष राजेंद्र पुंडीर, राजीव गुप्ता, डॉ पवन अग्रवाल, डॉ राजीव अरोड़ा, प्रदीप डेजी, शादाब जफर शादाब, कुलवीर चौधरी, सर्वेश सर्राफ, राजेश तारा, रवि प्रजापति, नौशाद मुल्तानी, सरदार गुरपाल सिंह, अल्ताफ राजा, माधव डेजी, लीना सिंगल, आशीष सिंगल, विनायक प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विश्व योग दिवस के मौके पर प्रखंड मैदान पर आयोजन किया गया



बिहपुर ,,,, भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड मैदान पर शुक्रवार को विश्व योग दिवस के मौके पर भव्य योग शिविर का कार्यक्रम किया गया।इस भव्य योग शिविर में प्रखंड के कई गांवों के लोगों ने बढ़ – चढ़ कर हिस्सा लिया। योगाभ्यास के माध्यम से अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संवारने का संकल्प लिया। इसी मौके पर बिहपुर के योगा प्रशिक्षक बीरेंद्र कुमार ने कहा कि योग केवल शारीरिक फिटनेस के लिए बल्कि मानसिक शांति और संतुलित के भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं ।इस प्रकार के आयोजनों से हम सभी लोगों को एक नई ऊर्जा का संचार होता हैं ।योग शिविर में विभिन्न योगासन और प्राणायाम शास्त्र आयोजित किए गए।कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर विधायक ई. कुमार शैलेंद्र , बिहपुर 02 के जिला परिषद सदस्य मोईन राईन, राजीव गांधी पंचायती राज के जिला अध्यक्ष व पूर्व सरपंच राधाकृष्ण सिंह, रुपेश रुप, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया मनोज लाल , ने किया। काफी संख्या में शिविर में लोग उपस्थित थे।

### जाति जनगणना को लेकर उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ युवा राजद का प्रदर्शन

बिहपुर ,,,,जातीय जनगणना को लेकर उच्च न्यायालय के फैसले से युवा राजद कार्यकर्ता नाराजगी जाहिर करते हुए । शुक्रवार को नवगछिया कोर्ट परिषद में युवा राजद जिला अध्यक्ष अमन आनंद के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष अमन आनंद ने कहा कि रिपोर्ट के बाद 65 % आरक्षण लागू किया गया था ।जिसे कल माननीय उच्च न्यायालय पटना ने रद्द कर दिया हैं। जिला प्रधान महासचिव आजाद अंसारी ने कहा कि पिछड़े, शोषित, वंचितों, के हक़ की लड़ाई लड़ने के लिए हम लोग तैयार हैं युवा राजद लगातार विरोध प्रदर्शन करते रहेगी। मौके पर युवा राजद जिलाध्यक्ष अमन आंनद, जिला प्रधान महासचिव आजाद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष महमूद गजनवी, जिला उपाध्यक्ष लालू यादव,राजद जिला उपाध्यक्ष छतीश कुमार यादव एवं सभी युवाओं ने शान्ती रूप से कोट की प्रति को नवगछिया कोर्ट परिषद में जलाया और विरोध किया। अमन आनंद ने जाति जनगणना को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कई आरोप लगाए।

### जलालपुर में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

बनियापुर।

जलालपुर। प्रखंड के शिवालय स्थित प्रांगण में योग करके लोगों को जागरूक किया गया। साथी ही योग दिवस मनाया योग करने के दौरान महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा की जीवन में योग करने से अपने आप में बदलाव होता है। तथा विचार में शुद्धता आती है योग सिर्फ योग दिवस के दिन ही नहीं 365 दिन योग करनी चाहिए। योग के कई गुण है। भारत में योग और आयुर्वेद के बहुत ही पुरानी है जिसकी एक अलग ही अपना इतिहास है। सांसद सिग्रीवाल ने कहा की क्षेत्र के सभी लोग योग करें और निरोग रहे। वही योग गुरु गोविंद महराज ने कहा की योग करने से लाखों लाखों बीमारियों दूर हो जाएंगी। करोड़ रुपयों की बचत होगी। तथा योग को अपने जीवन में एक हिस्सा बनना होगा तभी बीमारियों से दूर और स्वस्थ रहेंगे। योग सम्मिलित लोग पिंकू सिग्रीवाल अमरजीत सिंह उमाकांत पांडेय मणि भूषण दुबे सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

### व्यवहार न्यायालय साहिबगंज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

साहिबगंज । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के नेतृत्व में आज व्यवहार न्यायालय परिसर, साहेबगंज में 10वें अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गयो जिसमें उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारीगण और कर्मचारियों ने योगाभ्यास कर योग के माध्यम से तन और मन को स्वस्थ्य रखने का सन्देश दियो इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायलय, संजय कुमार उपाध्याय, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीया शेखर कुमार , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, सिविल जज सह न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी राजेश श्रीवास्तव, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार सहित न्यायालय कर्मी उपस्थित थे।

# 8 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म व हत्या मामले का पुलिस ने 24 घंटे में किया उद्भेदन, चार गिरफ्तार

## दुमका से आये डॉग स्क्वायड मोमो ने निंभाई अहम भूमिका



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** गुरुवार को बरहरवा थाना क्षेत्र के रानीग्राम में 8 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी गई थी, जिसका शव अर्धनिर्मित मकान से बरमाद किया गया, सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए विधिवत भेज दिया,तत्पश्चात मामले को लेकर पुलिस गहनता से जाँच में जुट गई एवं छापेमारी करते हुए चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर गहनता से पूछताछ में जुट गई।जिस दौरान मामले का पूर्णतः खुलाशा। 24 घंटे में हुआ मामले का सफल उद्भेदन शुक्रवार को बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा ने बरहरवा थाना कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि घटना को लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया गया यतोपरांत कांड को लेकर बारीकी से घटनास्थल एवं आस पास पूछताछ और जाँच पड़ताल किया गया इस जाँच में दुमका से लाये गए डॉग स्क्वायड ट्रैकर मोमो के सहयोग से अनुसंधान जारी रखते हुए चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया,कड़ाई से पूछताछ के उपरांत धराये सभी अभियुक्तों ने घटना में शामिल होने की बात स्वीकारते हुए बताया कि चारो ने पीड़ित आठ वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ बारी बारी से बलात्कार कर बच्ची को जुट के बोरा से गला दबाकर हत्या कर दिया।बताते चले कि गिरफ्तार किए गए चार अभियुक्तों में एक अभियुक्त बालिक लक्ष्मण बागती (20 वर्ष) पिता–राकेश बागती एवं तीन नाबालिक जिसे विधिवत निरुद्ध किया गया है ,सभी अभियुक्तों के स्वीकरोक्ति बयान के आधार पर घटनास्थल से पुलिस ने घटना के दिन पहने हुए कपड़े एवं प्लास्टिक एवं खून लगा हुआ जुट का बोरा को भी बरमाद कर जब्त कर लिया है।मामले को लेकर बरहरवा थाना कांड संख्या 86/24 दर्ज कर अग्रसित कार्यवाही करते हुए एक 20 वर्षीय अभियुक्त लक्ष्मण बागती को न्यायिक हिरासत में जेल भजते हुए नाबालिक अभियुक्तों को जुगनैल बोर्ड दुमका भेजा जाएगा।वहीं मामले का सफल उद्भेदन करने में एसआईटी की टीम में बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंगल सिंह जमुदा,राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी,बरहरवा पुलिस निरीक्षक सधीर कुमार पोद्दार ,बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह,रांगा थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह,कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान,प.अ.नि अमित कश्यप,एएसआई कवीन्द्र मिश्रा,एएसआई राम प्रसाद यादव एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## 65 फीसदी आरक्षण पर हाई कोर्ट ने लगाया रोक प्रदेश अध्यक्ष ,, सोनू सनगही



लोकतंत्र की आवाज

**बिहपुर** ,,,,माननीय पटना उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने बिहार पदों और सेवाओं में रिक्तियों का आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 और बिहार (शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश में) आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 को अधिकार क्षेत्र से बाहर बताते हुए रोक लगा दी है । प्रेस वार्ता के दौरान उक्त जानकारी देते हुए सर्वण सेना के प्रदेश अध्यक्ष सह समाजसेवी सानु सनगही ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने कहा कि ये संशोधन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 का उल्लंघन हैं।इसके अतिरिक्त, माननीय खंडपीठ ने माना कि ये संशोधन विरोधाभासी हैं और इंदिरा साहनी के मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय की नौ–न्यायाधीशों की पीठ द्वारा रखी गई 50% की सीमा का उल्लंघन हैं।ये संशोधन बिहार सरकार द्वारा हाल ही में किए गए जनगणना सर्वेक्षण पर आधारित थे, जिसके आधार पर पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) के लिए आरक्षण का लाभ 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया था।ये संशोधन आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर उपरोक्त हाशिए पर रहने वाले वर्गों को आरक्षण लाभ देने के लिए लाए गए थे, हालांकि आरक्षण का लाभ केवल तभी दिया जा सकता है। जब हाशिए पर रहने वाले वर्गों को विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों या विभिन्न पदों और सेवाओं पर पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है।इसलिए, माननीय पटना उच्च न्यायालय ने संशोधनों को खारिज कर दिया और माना कि वे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14,15 और 16 के तहत निहित मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हैं, इसलिए समानता और न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

## आदर्श मध्य विद्यालय, तिनटंगा दियारा में मना विश्व योग दिवस



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती /भागलपुर ।** आदर्श मध्य विद्यालय, तिनटंगा दियारा में प्रधानाध्यापक नितेश कुमार की अध्यक्षता में और वरीय शिक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में विश्व योग दिवस सफलतापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर चेतना सत्र में विभिन्न योगासनों को बच्चों और शिक्षक–शिक्षिकाओं ने सामूहिक रूप से किया। वरिष्ठ शिक्षक जयप्रकाश सिन्हा ने इस अवसर पर योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ₹योग भगाए रोग₹ । बीपीएससी टीचर अन्नु कुमारी ने कहा कि अब महिलाएं भी बढ़–चढ़कर योग को अपनी दिनचर्या में शामिल शामिल कर रही हैं। डायट भागलपुर के ज्ञापांक –730 सह दिनांक – 14.06.2024 के आलोक में दीक्षा इम्पावरमेंट प्लेटफॉर्म पर कोर्स निर्माण हेतु आयोजित कार्यशाला के निमित्त रंगराचौक के अधिकृत जिला मास्टर ट्रेनर शिवनाथ रविदास उर्फ़ चहकनाथ भागलपुरी ने विश्व योग दिवस का सफलतापूर्वक संचालन करते हुए कहा कि महर्षि पतंजलि ने योग को आठ भागों में विभक्त किया था, जिसे अष्टांग योग कहते हैं, इसकी व्यापक चर्चा पतंजलि योग दर्शन नामक ग्रंथ में है। मौके पर उपस्थित सभी रसोईया दीदी–भैया, बालसंसद, मीनामंच और आपदा प्रबंधन विभाग के सभी मंत्रीगण और सदस्यगण सहित सभी छात्र–छात्राओं ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## जमुई के नागी पक्षी आश्रयणी में दिखा दुर्लभ ग्रेटर पेंटेड स्नाइप पेंटेड, स्नाइप को मिला है दुर्लभ प्रजाति का दर्जा



लोकतंत्र की आवाज

**जमुई/ मुंगेर ।** सेंट्रल एशिया से आने वाले ग्रेटर पेंटेड स्नाइप नामक दुर्लभ प्रजाति के पक्षी पहली बार नागी पक्षी आश्रयणी में देखे गए हैं। इससे बिल्कुल ही स्पष्ट है कि जिले की जलवायु प्रवासी पक्षियों को भा रही है। इसे वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 2022 के तहत भारत सरकार द्वारा दुर्लभ प्रजाति के पक्षी का दर्जा प्रदान किया गया है। वन विभाग का दावा है कि पूरे विश्व में इसकी आबादी मात्र 3000 है। इसे इस वर्ष पहली बार दो जोड़े में देखा गया है। यह 25000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है। जबकि 12000 फीट की ऊंचाई के बाद मनुष्य को आक्सीजन की जरूरत पड़ने लगती है।

185 प्रकार के प्रवासी और स्थानीय पक्षी जिला वन पदाधिकारी तेजस जायसवाल ने बताया कि एशियन बर्ड सेन्सस के अनुसार, यहां 185 प्रकार के प्रवासी और स्थानीय पक्षी पाए जाते हैं। जिसमें से पक्षियों की 96 प्रकार की प्रजाति सेंट्रल एशिया से आती है। इसके अलावा साइबेरिया, तिब्बत यूरोप, अफ्रीका, अमेरिका से भी कई प्रकार के प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है। जो इस जिले के लिए सुखद संकेत है। इन पक्षियों में कुछ ऐसे पक्षी भी शामिल हैं, जो जलवायु परिवर्तन को स्पष्ट तौर पर जाहिर कर रहे हैं। इसके अलावा चातक नाम का एक पक्षी है। जिसका दिखाना ही मानसून के आगमन का संकेत देता है। यहां कुल 105 प्रकार के प्रवासी और 80 प्रकार के स्थानीय पक्षी पाए जाते हैं। यहां प्रवास करने वाले पक्षियों के संरक्षण के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा उनके रहन–सहन और भोजन की भी पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। ताकि यह यहां पर सुरक्षित रूप से रह सकें।

नागी पक्षी आश्रयणी रामसर साइट में शामिल बार हेडेड गीज की वजह से ही नागी पक्षी आश्रयणी को रामसर साइट में शामिल किया गया है। रामसर साइट में वैसे आश्रयणी को शामिल किया जाता है। जहां की भूमि 12 महीने में नौ माह तक आद्र बनी रहती है। इसे 05 जून 2024 को रामसर साइट में किया गया है। इस क्षेत्र में वर्ष 1980 से ही बार हेडेड गीज पक्षी का आगमन होता है। यहां प्रवास करने वाले पक्षियों के संरक्षण के लिए मुंबई नेशन हिस्ट्री सोसाइटी और वन विभाग की ओर संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। पक्षियों के बेहतर संरक्षण के लिए जलक्षेत्र में प्रवास को ध्यान में रखकर बांस का स्टैंड लगाया गया है। यहां पर्याप्त संख्या में बर्ड्स गाइड की नियुक्ति की गई है ताकि पक्षियों के शिकार पर रोक लगाई जा सके। यहां मछली मारने पर भी पूर्णरूप से रोक लगा दिया गया है।

# योग का मूलमंत्र खुद मे ऊर्जा समाहित करना



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजित जिला अध्यक्ष संतोष कुमार एवं योग प्रभारी अंजना प्रकाश के नेतृत्व मे किया गया। योग प्रशिक्षक रितु कुमारी ने सभी कार्यकर्ता को योगाभ्यास करवाया।भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की पीएम मोदी ने योग को पूरी दुनिया तक पहुंचाने काम किया है। पूरी दुनिया के योग प्रेमी योग कर रहे हैं और अपने जीवन और समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि हर कोई योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएगा।एमएलसी डॉ एनके यादव ने कहा की वैश्विक चुनौतियों और षड्यंत्रों का सामना करने के बावजूद भारत ने कभी भी मानवीय मूल्यों से हटकर आचरण नहीं किया।इस कारण योग आज दुनिया के करोड़ों व्यक्तियों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है। जिला योग कार्यक्रम प्रभारी अंजना प्रकाश ने कहा की कि तन और मन को शांत और स्वस्थ रखने के लिए योग करना बहुत जरूरी है। योग करने से शारीरिक और मानसिक दोनो लाभ मिलते है। योग की प्रशिक्षक रितु कुमारी जी ने योग से प्रशिक्षण दिया और कहा योग से हम अपने समग्र स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन को सफल और सशक्त बना सकते हैं। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता, उमाशंकर,रोशन सिंह, सवौर मुख्य पार्षद दीपशिखानंद परिणा, मनीष दास, राजेश टंडन, अनामिका ठाकुर,भोला कुमार मंडल,वेदव्यास,सुनील कुमार सिंह, राजा अवधेश,शिवम आदि कार्यकर्ता उपस्थित होकर योग किया।

## बेटे ने कर दी मां की हत्या,कमरे में बंद कर पहले बेरहमी से पीटा, फिर ईंट–पत्थर से कूचकर मार डाला



लोकतंत्र की आवाज

**बेगूसराय/ मुंगेर ।** बेगूसराय में एक महिला की हत्या कर दी गई। यह हत्या किसी और ने नहीं बल्कि महिला के बेटे ने ही की है। उसने अपनी मां को ईंट–पत्थर से कूचकर मार डाला। हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला सिंघौल थाना क्षेत्र के पाचंबा वार्ड नंबर 17 की है। मृत महिला की पहचान पचमा वार्ड नंबर 17 के रहने वाले बम बम सिंह का 45 वर्षीय पत्नी नूतन देवी के रूप में की गई है।

पूजा करने के लिए मंदिर जा रही थी नूतन देवी परिजनों ने बताया है कि आज जब नूतन देवी घर से पूजा करने के लिए मंदिर जा रही थी। तभी आनंद कुमार ने उसे पकड़ लिया और कमरे में बंद कर दिया। उन्होंने बताया है कि रूम में बंद करके ही निर्मम तरीके से ईट पत्थर से सिर कूच कर मार डाला। आसपास के लोग महिला की चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां पर पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद था। लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर जब अंदर प्रवेश किया तो देखा नूतन देवी मृत पड़ी हुई थी। वहीं वारदात के बाद आनंद कुमार ने भगाने का प्रयास किया। लेकिन, लोगों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। रूम में बंद कर ईंट–पत्थर से कूचकर हत्या कर दी मृत महिला के छोटे पुत्र अनुभव कुमार ने बताया है कि बड़े भाई आनंद कुमार बेवजह मां को पकड़ लिया और रूम में बंद कर ईंट–पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। उसने बताया कि अगर मां के साथ हम भी रहते तो मुझे भी इसी तरह हत्या कर देता। फिलहाल इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने सिंघौल थाना पुलिस को दी। मौके पर सिंघौल थाने के पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। फिलहाल पुलिस आरोपी पुत्र से पूछताछ कर रही है।बेटे ने कर दी मां की हत्या,कमरे में बंद कर पहले बेरहमी से पीटा, फिर ईंट–पत्थर से कूचकर मार डाला

## भागलपुर बक्सर ,बिहार सहित देश के सभी जेपी सेनानी होंगे सम्मिलित



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** जेपी सेनानी व पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बताया कि आज बिहार के महामहिम से मिलकर आगामी 25 जून को दिल्ली में होने वाले 1974 – जे पी आंदोलन स्वर्ण जयंती समारोह के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान उन्होंने भागलपुरी जर्दालु आम व कतरनी चूड़ा भेंट किया। श्री चौबे ने कार्यक्रम के निमित्त विस्तार पूर्वक बताते कहा भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण आंदोलन स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन 25 जून 2024 को प्रातः 11 बजे कांस्टीट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बिहार सहित देश के सभी जेपी सेनानी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इस संबंध में उन्होंने कार्यक्रम में शिरकत करने का अनुरोध किया। श्री चौबे ने कहा 1974 झ्र जे पी आंदोलन के सक्रिय सेनानियों एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सन् 1975, आपातकाल में जेल में यातनापूर्ण जीवन बिताने वाले संपूर्ण भारत के लोक प्रहरी भाग लेंगे। इस अवसर पर ह्यविकसित भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षण एवं युवाओं की भूमिकाह्व विषय पर परिचर्चा सत्र का आयोजन एवं जे. पी. आंदोलन और आपातकालीन चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, एवं वीडीओ क्लिप्स दिखाई जाएगीं। साथ ही समिति सेनानियों को ह्ललोकतंत्र प्रहरी सम्मानह्व से अलंकृत करेगी। इस मौके पर राज्यपाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम से निमित्त लोगो भी लॉन्च किया।

## मुंगेर के बिहार स्कूल ऑफ योग : जहां विश्व भर से लोग योग सीखने आते हैं

लोकतंत्र की आवाज

**रंजीत कुमार विद्यार्थी**

पूरा विश्व 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया बिहार के ऐसे योग विश्वविद्यालय के बारे में बताने जा रहे हैं जो भारत के साथ साथ कई देशों में प्रसिद्ध है यहां कई देशों के लोग योग की शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं मुंगेर : 21 जून यानी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस. इस अवसर पर पूरी दुनिया में जगह–जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. ऐसे में आज हम बात कर रहे हैं दुनिया के पहले योग विश्वविद्यालय का. पहला योग विश्वविद्यालय होने का गौरव बिहार के मुंगेर स्थित योग आश्रम को प्राप्त है. यहां से शिक्षा लेकर हर साल सैकड़ों योग साधक दुनिया भर में योग का प्रचार–प्रसार करते हैं. यही कारण है कि मुंगेर जिले को योग नगरी के नाम से भी जाना जाता है.मुंगेर यानी योग की नगरीः मुंगेर को लोग योग की नगरी के रूप में जानते है. इसके




पीछे भी कई सिद्ध योगी और गुरुओं की कड़ी मेहनत और लगन का प्रतिफल है. मुंगेर को इस मुकाम तक पहुंचाने में कई सिद्धि योग का हाथ है, लेकिन इनमें से सबसे पहला नाम बिहार योग विश्विद्यालय मुंगेर के प्रेरक और संस्थापक स्वामी श्रीसत्यानंद सरस्वती का सामने आता है. जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से मुंगेर की इस नगरी को योग की नगरी बना दिया

स्वामी सत्यानंद सरस्वती और योग बात साल 1963 की है. मुंगेर आए श्रीसत्यानंद सरस्वती ने लोगों को योग का प्रशिक्षण देना शुरू किया. वहीं मुंगेर जिला परिषद में योग विद्यालय की भी स्थापना की गयी. श्रीसत्यानंद सरस्वती ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से मुंगेर की इस नगरी को योग की नगरी बना दिया. श्रीसत्यानंद सरस्वती के अथक मेहनत का प्रयास है कि बिहार स्कूल ऑफ योगा पूरे विश्व में करीब 77 से अधिक देशों में योग आश्रम की शाखाएं खुल गया है. योग का परचम पूरी दुनिया में फैला रहा है.इन देशों में किया जाता है योगाभ्यास : बिहार स्कूल ऑफ योगा पद्धति पर आधारित योगाभ्यास आज विश्व के लगभग 77 से अधिक देशों में किया जाता है. इसमें अर्जेंटिना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्राजील, बुल्गारिया, कनाडा, चिली, चीन, कोलंबिया, क्रोएशिया, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, यूनान, ईरान, इराक, आयरलैंड, इटली, जापान, कजाकिस्तान, लेबनान, नेपाल, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल, स्कॉटलैंड, रूस, स्पेन, अमेरिका, लंदन, दक्षिण अफ्रीका, स्विट्जरलैंड सहित कई अन्य देश शामिल हैं योग विश्वविद्यालय मुंगेर योग प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण केंद्र प्राचीन काल से ही भारत वर्ष में योग की समृद्ध परंपरा रही है. मान्यता है कि योग की खोज भारत के ही ऋषि–मुनि और योगियों ने की थी. योग की इस परंपरा को आगे बढ़ाने में मुंगेर स्थित 'बिहार स्कूल ऑफ योगा' ने अहम योगदान दिया है. 'बिहार स्कूल ऑफ योगा' को दुनिया के पहले योग विद्यालय के रूप में जाना जाता है. योग विश्वविद्यालय मुंगेर में योग करने के लिए देश के कई गणमान्य व्यक्ति आ चुके हैं. जिनमें से योग गुरु बाबा रामदेव, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री रह चुके क्लिथ हालोस्की, देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व मोरारजी देसाई समेत कई जाने माने लोग यहां आ चुके हैं.क्या है आश्रम का नियम :मुंगेर स्थित योग आश्रम के दिनचर्या सुबह 4 बजे से ही शुरू हो जाती है. योग का प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षण सुबह 4 बजे ही नित्य क्रिया से संपन्न योग साधना में जुट जाते हैं. निर्धारित योग कक्षाओं का संचालन होता है. शाम 6:30 बजे आश्रम में भजन कीर्तन का आयोजन होता है. उसके बाद 7:30 बजे अपने–अपने कमरे में व्यक्तिगत साधना का समय निर्धारित किया गया है बिहार के मुंगेर स्थित योग विश्वाद्यालय में योग रते साधक दिनभर होता है मंत्रोच्चार :. अन्य बड़े त्योहार जैसे गुरु पूर्णिमा, नवरात्र, महाशिवरात्रि स्वामी सत्यानंद सन्यास दिवस पर भी विशेष तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है.300 से अधिक योग पुस्तकों की श्रृंखला : योगगुरु स्वामी श्रीसत्यानंद सरस्वती ने योग के ऊपर 300 से अधिक पुस्तक लिखी है. इन पुस्तकों में योग के सिद्धांत और प्रयोग के बारे में पूरी जानकारी दी गई है, ताकि लोगों को योग सिखाने में किसी तरीके से परेशानी ना हो. 2010 में स्वामी श्रीसत्यानंद के निधन के बाद पूरे योग संस्थान की जिम्मेवारी स्वामी निरंजनानंद संभाल रहे हैं

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः तिरहुत नहर का उप नहर का बांध टूटने से खेतों और घरों में घुसा पानी, नहर के तटबंध पर रहने को मजबूर हुए ग्रामीण





ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी/तुरकौलिया, तिरहुत कैनाल से निकलने वाली उप वितरणी नहर का बांध टूट जाने से खेतों में पानी भर गया है।जहा अरेराज– मोतिहारी मुख्यपथ के लक्ष्मीपुर डायवर्सन के समीप करीब 10 फीट बांध टूटा है. वही पानी खेतो में भरने लगा है. साथ ही ग्रामीण सनोज राम, अनीश राम व मुसमात बच्नी देवी के घरों में पानी प्रवेश कर गया है. जिससे सभी नहर के बांध पर आश्रय लेने को मजबूर है. पीड़ितों ने बताया कि यह इसके पहले भी दो तीन बार बांध टूट चुका है. जब भी बांध टूटता है उनके घरों में पानी घुस जाता है। उनका कहना था कि आज यानी बुधवार को करीब 10 बजे बांध टूटा है. बांध टूटने पर पानी का बहाव बहुत तेज था. देखते ही देखते उनके घरों में पानी घुस गया है. वही खेतो में भी पानी तेजी से फैल रहा है. बांध टूटने की सूचना स्थानीय प्रसाशन को मिलते ही सीओ संतोष कुमार, बीडीओ रमेन्द्र कुमार पहुंचे स्तिथि का जायजा लिया। वही एसडीओ को इसकी जानकारी भी दिया. ताकि ससमय बांध को ठीक किया जा सके. सीओ ने कहा कि इसकी जानकारी ज़िले को भी दें दीं गई है।

### विश्व योग दिवस के अवसर पर सिरिसिया अमृत सरोवर में आयोजित की गई योगाभ्यास शिविर



गौनाहा / अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड के मटियरिया पंचायत के सिरसिया अमृत सरोवर में शुक्रवार प्रात काल 6:30 बजे मनरेगा विभाग द्वारा योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। योगा शिविर का आयोजन प्रखंड मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश सिंह के निर्देशानुसार आयोजित किया गया था। इस अवसर पर पंचायत के विभिन्न वार्ड से महिला एवं पुरुष योगाभ्यास शिविर में भाग लिए थे। इस अवसर से उपस्थित पंचायत के मुखिया दिवाकर पटवारी ने कहा कि योगा करने से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है साथ ही साथ शरीर और मानसिक विकास में वृद्धि भी होता है, इसलिए चाहिए कि हर इंसान नित्य दिन योगा करें। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत रोजगार सेवक शत्रुघन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनरेगा विभाग के तकनीकी सहायक योगेंद्र पांडे, पीटीए राधेश्याम कुमार, बीएफटी इकबाल कुमार, वार्ड सदस्य अमेरिका मुखिया, आशा देवी, रीना देवी, मुकेश महतो, मैनेजर माझी, योगाभ्यास करा रहे ग्रामीण बालकिशन राम, वार्ड सदस्य मिंटू महतो, राजेंद्र पटवारी, मीरा देवी, सावित्री देवी आदि दर्जनों महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

### छठु साह उर्फ छोटन साह बने गौनाहा पंचायत के उप मुखिया

गौनाहा / प्रखंड के स्थानीय पंचायत के उप मुखिया नागेन्द्र मौर्य पर लगे अविश्वास प्रस्ताव पर हुई वोटिंग में छठु साह उर्फ छोटन साह शुक्रवार को एक मत के बढ़त से उप मुखिया बन गए। प्रखंड सभागार में बीडीओ शिवजन्म राम की अध्यक्षता में वोटिंग कराई गई। पूर्व उप मुखिया नागेंद्र मौर्य मंगुरहा वार्ड नंबर 2 से वार्ड सदस्य थे। ऐसे ही गौनाहा मनीटोला गांव निवासी वार्ड नंबर 5 से छठु साह उर्फ छोटन साह वार्ड सदस्य थे। उप मुखिया चुनाव में नागेंद्र मौर्य व छठु साह उर्फ छोटन साह उप मुखिया के प्रबल दावेदार थे। जिसको लेकर प्रखंड सभागार में वोटिंग कराई गई, जिसमें छोटन साह को कुल 8 मत मिले तथा नागेंद्र मौर्य को 7 वोट से संतोष करना पड़ा।नागेंद्र मौर्य एक वोट से उप मुखिया का चुनाव हार गए। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार राय पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। बीडीओ ने छोटन साह को उप मुखिया बनने की पुष्टि की है। गौनाहा पंचायत की मुखिया प्रतिमा देवी भी इस मौके पर उपस्थित थी। वही छोटन साह को उप मुखिया घोषित होने के खुशी में उनके समर्थक राजेश पांडे, निर्मल शर्मा, अकलू मियां, इखलक खान आदि ने उन्हें फूल माला पहनकर रंग गुलाल लगाएं।

# योग दिवस के अवसर पर बच्चों ने किया योग करें योग रहें निरोग आयुर्वेद अपनाइए

## आयुर्वेद का ही एक शाखा है योग

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
करें योग रहें निरोग। आयुर्वेद अपनाइए असाध्य रोगों से छुटकारा पाएं। जैसी कई कथनों के साथ सचिव निप्पू कुमार पाठक ने स्कूली छात्रों को योग के महत्व को समझाए*। जी हां, विश्व योग दिवस के अवसर पर नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव निप्पू कुमार पाठक ने स्थानीय सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स एकेडमी में पटखौली के प्रांगण में मौजूद छात्र–छात्राओं को योग के महत्व को समझाते हुए आयुर्वेद व योग का शरण लेने की बात कहे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक दावों का साइड इफेक्ट नहीं होता। बल्कि वह रोग से मुक्ति ही नहीं करते ।अपितु व्यक्ति को आयुष्मान बनाते हैं। आयुर्वेद का ही एक शाखा है योग। जो व्यक्ति को बीमार ही होने नहीं देता। वास्तव में योग ऐसी श्रेष्ठ व प्रमाणिक विधा है। जो हमें आयुष्मान बनाने के साथ–साथ सुंदर और सुडौल शारीरिक स्वस्थता प्रदान करता है। ये



दोनों विधाएं आयुर्वेद और योग, भारतीय सनातन संस्कृति के परंपरा पर चलने वाले महान ऋषि मनिषियों की खोज और तपस्या का प्रतिफल व अद्भुत देन है। आयुर्वेद और योगशास्त्र में ही स्वस्थ्य जीवन का सार छिपा हैं। जब आप शतायु की बात करते हैं। तब आप आयुर्वेद और योग को जरूर याद करेंते। क्योंकि आयुर्वेद और योग के अलावा दूसरे में यह सामर्थ्य नहीं कि वह आपको शतायु और स्वास्थ्य दे सके। भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता शतायु व सुन्दर काया प्रदान करने भाव व आशीर्वाद है। जब व्यक्ति आयुर्वेद की छांव में बैठकर योगासन लगता है तब व्यक्ति सैकड़ो हजारों वर्ष की अवधि को प्राप्त कर लेता है। ऐसी परंपरा एलोपैथी या अन्य पैथिलौजी में उपलब्ध नहीं है। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी लोगों के स्वस्थ्य और शतायु होने की कामना के साथ स्थानीय सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स एकेडमी पटखौली बगहा–2 में भी योग निराले योगासन करवाया गया। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। अतः छात्रों के लिए योग भी बहुत जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रघुवंश मणि पाठक शिक्षक बलिराम सिंह रसेन्दर प्रसाद, समीर कुमार गुप्ता ,उत्पल कुमार ,सुमन कुमारी, प्रियंका देवी, निशा कुमारी विनय कुमार आदि मौजूद रहे।

## मोतिहारीः महिलाओं और बच्चों को लगाया गया टीका, 15 जगहों पर टीकाकरण केंद्र बनाया गया था



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण,** तुरकौलिया में आरोग्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 जगहों पर केंद्र स्थापित कर नवजात शिशु व गभर्वती महिलाओं को टीका दिया गया। जहां बच्चों को चेचक व चमकी बुखार से बचाव करने के लिए एमआर, जेई, एफआई, पीसीभी का टीका उम्र के हिसाब से लगाया गया। वही गर्भवती महिलाओं को भी टीडी का टीका लगाया गया। जो जच्चा–बच्चा को टेटनस, काली खांसी, हेपटाइटिस आदि बिमारियों से बचाव करेगा। सीएचसी प्रभारी डा0 अरुण गुप्ता ने बताया कि तुरकौलिया पश्चिमी पंचायत के वार्ड 11 के सेमरा टोला आंगनबाड़ी केंद्र 5 पर और तुरकौलिया मध्य पंचायत के बेलदारी टोला सहित शंकरसरैया उत्तरी व दक्षिणी पंचायत के अलावे रघुनाथपुर सहित 15 जगहों पर टीकाकरण का व्यवस्था किया गया था। जहां बच्चों व महिलाओं को टीका दिया गया है। वही प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक (बीएचएम) नौशादुल आजम ने सेमरा टोला स्थित टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण करते हुए टीका का जायजा लिया। जहां एएनएम मनीषा, आशा शीला देवी व फेसिलेटर अनुराधा टीका लगा रहीं थीं। टीकाकरण को सफल बनाने में चिकित्सा प्रभारी डा0 अरुण गुप्ता, बीएचएम नौशादुल आजम, बीसीएम विमलेंदु शेखर, जमाल अहमद आदि स्वास्थ्य कर्मी लगे हुए थे।

## राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय महुअर, बगहा–2 के प्रांगण में किया गया योगाभ्यास



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
वर्तमान समय में योग प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है–– शारीरिक शिक्षक रमेश प्रसाद मिश्रबगहा। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय महुअर, बगहा–2 के प्रांगण में शुक्रवार को शारीरिक शिक्षक रमेश प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया।इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक,शिक्षा समिति के सदस्यों और कक्षा 1 से 12 तक के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। शारीरिक शिक्षक रमेश मिश ने सभी को योग के प्रचार–प्रसार एवं घर–घर तथा जन जन तक पहुँचाने का संकल्प दिलाया गया। श्री मित्र ने योग के महत्व को बतलाते हुए कहा कि योग के माध्यम से हम श्वास, शरीर, मन, प्रकृति और ब्रह्माण्ड से जुड़ते हैं। वर्तमान समय में योग प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है।योगाभ्यास में शिक्ष?क रामनरेश बैठा, धर्मेश तिवारी, अनुज कुमार, उमेश प्रसाद साह, रखीन्द्र कुमार, विवेक कुमार, सतीश कुमार, दीपक जगन्नाथ, दीपक कुमार, खुशबू पाण्डेय, निशा त्रिपाठी, अर्चना अमरावती, खुशब पुनीता पाल इत्यादि शिक्षक, शिक्षिका और शिक्षा समिति के अध्यक्ष क्रमशः कन्हैया तिवारी, सुजीत बैठा और अन्य सदस्य और रसाईया शामिल थी।

## हत्या के प्रयास व शराब कांड मामले में 6 अभियुक्त गिरफ्तार, वाहन जांच के दौरान 88,500 रूपये का लगाया जुर्माना

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गश्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई बगहा पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 88,500 रूपये का लगाया जुर्माना। बगहा।बगहा पुलिस जिला में गुरुवार को विगत 24 घंटा में 06 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।कुल–10 अजमानतीय वारंट तथा 01 कुर्की का निष्पादन किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी करके दिया।उन्होंने बताया कि लौकरिया थाना, पिपरासीथाना, चौतरवा थाना, धनहाँ थाना, बथवरिया थाना द्वारा हत्या के प्रयास एवं शराब के काण्ड में 06 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।एसपी ने बताया कि बगहा





पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया। जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा–29,000, रामनगर थाना द्वारा–11,500, चौतरवा थाना द्वारा–17,000, पटखौली थाना द्वारा–14,000, धनहाँ थाना द्वारा–12,000, बगहा थाना द्वारा–5,000 इस प्रकार कुल–88,500 रूपये का जुर्माना लगाया गया।एसपी के निर्देश के आलोक में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के गुरुवार की रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा रोको टोको अभियान तथा संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों का विधिवत जांच की गई।शुक्रवार को बगहा पुलिस द्वारा बैंकिंग प्रतिष्ठानों, एटीएम में सुरक्षा–व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु बैंकों की सुरक्षा जांच की गई और बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर संदिग्ध पर नजर रखी गई साथ ही बगहा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गश्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई ।

## गौनाहाःविश्व योग दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा ललभितियाँ पहाड़ पर आयोजित हुआ योगाभ्यास शिविर

लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा** / प्रखंड विश्व योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के मंगूराहां वन क्षेत्र के ललभितियाँ पहाड़ पर सिट्ठी के फुटबॉल खिलाड़ी व वन कर्मियों को योगाभ्यास कराई गई। दर्जनों की संख्या में उपस्थित फुटबॉल खिलाड़ियों व वन कर्मियों को कुशल प्रशिक्षक सुमित पांडे द्वारा योगाभ्यास कराई गई। योग शिविर में रेंजर सुनील कुमार पाठक, फील्ड बायोलॉजिस्ट पंकज ओझा, फॉरेस्टर सूरज साह, फॉरेस्ट गार्ड सोनल कुमार, राजकुमार पासवान, अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योगाभ्यास शिविर में उपस्थित वनकर्मी व फुटबॉल खिलाड़ियों को संबोधित



करते हुए रेंजर सुनील कुमार पाठक ने कहा कि योग करने से मनुष्य शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते है तथा बहुत सी बीमारियों से निजात मिलता है। योग करने से दिल और दिमाग भी स्वस्थ रहता है। आज सभी को प्रतिदिन योग करने की आवश्यकता है। पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रकृति के गोद में स्थित ललभितियाँ पहाड़ पर योगाभ्यास शिविर का आयोजन कर वन कर्मी व सिट्ठी के फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को योगाभ्यास कराई गई। ललभितियाँ पहाड़ चारों तरफ से जंगल व पहाड़ से घिरा है। यहां प्रकृति का अद्भुत दृश्य दृष्टिगोचर होता है। योगाभ्यास शिविर में सिट्ठी पंचायत के महिला व पुरुष खिलाड़ी शामिल थे।

## डरौल व मेहनौल पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु ग्राम सभा का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा** / शुक्रवार को प्रखंड के डरौल व मेहनौल पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापन हेतु पंचायत कार्यालय भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। डरौल में ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि रंजन वर्मा व मैहनौल पंचायत की मुखिया हीरामुन्नी देवी ने की। मौके पर उपस्थित मेहनौल पंचायत के सचिव कृष्ण दत्त राम ने कहा कि पंचायत के तीन वार्डो में 30 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। प्रत्येक वार्ड में 10–10 सोलर लाइट लगाने का सरकारी प्रावधान है।इसीलिए ग्राम सभा आयोजित कर वार्ड सदस्य व उक्त वार्ड के ग्रामीणों से स्थल चयन हेतु सलाह ली जा रही है। वैसे ही डरौल पंचायत सच्ची मितेश सिंह ने बताया कि पंचायत के 1 से लेकर चार वाडी में 40 सोलर लाइट लगाने को लेकर सभी वार्ड सदस्यों से



विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य राम क्षत्रि यादव, शम्स तबरेज, एकबाली राम, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि जहांगीर अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, उमेश महतो, मुस्ताक अंसारी, कार्यपालक सहायक कृष्णामोहन विश्वकर्मा उपस्थित रहे। वही मेहनौल पंचायत ग्राम सभा में कार्यपालक शशिकांत बैठा वार्ड सदस्य अर्जुन राम, हितेंद्र राम, नरेश साह, राजेश साह, दिनेश कुमार शर्मा सहित दर्जनों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## योग दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया योग

लोकतंत्र की आवाज

**बगहा ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी संगठन जिला बगहा द्वारा पार्टी कार्यालय परिसर में योग शिविर लगाकर योगाभ्यास किया गया। योग शिविर में बतौर मुख्य अतिथि बगहा विधायक राम सिंह की उपस्थिति रही। वही योग प्रशिक्षक के रूप में सतीश जी ने बहुत ही कुशलता के साथ योगाभ्यास कराया ।योग शिविर में बगहा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी हृदया दुबे, ऋतु जायसवाल, सुजीत चौरसिया, अचिंत्य कुमार लल्ला, बद्रीनाथ प्रसाद, रौशन तिवारी, अमित पांडेय, प्रमोद राम, नागेंद्र साहनी, भूप नारायण



यादव, ओम निधि वत्स, धनंजय यादव, मुकेश द्विवेदी, राम प्रसाद शर्मा, शैलेश दुबे, रौशन बाबा, एवं राजन गुप्ता, के साथ साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास किया।बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे देश भर में प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक आज योग शिविर लगाकर योगाभ्यास किया जा रहा है।खुद आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आज कश्मीर के श्रीनगर में योग कर रहे है।

## एन एच 727 मुख्य मार्ग के बसरिया में दो बाईकों की टक्कर में दो जख्मी, इलाजरत

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** नेशनल हाईवे बगहा – बेतिया मुख्य मार्ग के परसौनी चौक के समीप बसवरिया चौक पर शुक्रवार की सुबह दो बाईक की टक्कर में दो बाईक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गयें। घटना की सुचना मिलतें ही चौतरवा थाना के अपर थानाध्यक्ष ज्योति पूंज के नेतृत्व में विधि व्यवस्था प्रभारी मुकेश कुमार सिंह व सब – इन्स्पेक्टर विनय कृष्ण सहित पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंच कर जख्मियों को इलाज हेतु बेतिया व एक जख्मी को एपीएचसी पतिलार भेजा। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि बाईक दुर्घटना में जख्मी व्यक्तियों की पहचान बहुअरवा फार्म के प्रदीप शर्मा व भितहां थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के फारुक अली के पूत्र सिराज अली के रुप में हुई है। जिन्हें उपचार हेतु बेतिया व पतिलार



एपीएचसी भेजा गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा कुमार देवेन्द्र ने बताया कि वाहनों के रफ्तार को कम करने के लिए बसवरिया में ड्राम रखा गया है। ताकि वाहनों की रफ्तार कम हो, तथा दुर्घटना से लोगों को निजात मिल सकें। उन्होंने सडक सुरक्षा व परिवहन विभाग के नियमों का पालन करने की अपील लोगों से की। कहा कि सबसे पहले सावधानी जरुरी है। सडक पार करते समय नियम का पालन करते हुए अपने आप में सावधानी बरतें। तभी आप सुरक्षित रह पायेंगे। एसडीपीओं ने बताया कि आये दिन लगातार दुर्घटना हो रही है। बावजूद भी वाहन चालक सुधर नहीं रहें हैं। वाहनों की गति रफ्तार को कम करने के लिए बसवरिया में ड्राम लगाया गया है। ताकि वाहनों की रफ्तार कम हो, तथा दुर्घटना से बची जा सकें। अपर थानाध्यक्ष ज्योति पूंज ने भी वाहन चालकों व स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि सावधानी बरतें, तभी आप सुरक्षित रहेंगे। गौरतलब हो कि एन एच 727 मुख्य मार्ग के बसवरिया में एक सप्ताह के अंदर आधा दर्जन से अधिक दुर्घटना हो गई है। तथा दुर्घटना में कई मौतें भी हो गई है। बावजूद भी वाहन चालक सडक सुरक्षा व परिवहन विभाग के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिससे आये दिन दुर्घटना जारी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सभी अवसरों पर जरूर लगाएं एक पौधे: एमएलसी



लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा, पकरीबरावां। पकरीबरावां प्रखण्ड के कचना गांव निवासी समाजसेवी धर्मेन्द्र यादव के पुत्र के जन्मोत्सव पर शुक्रवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में एमएलसी अशोक यादव एवं जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी ने लोगों से अपील की है कि हरेक उत्सवों पर जरूर पौधरोपण करें। समाजसेवी धर्मेन्द्र यादव के इस कार्य की काफी सराहना की गई। इस बीच सैकड़ो बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी विश्वनाथ यादव, संजय यादव, दिनेश यादव, नवलेश कुमार, फोशन यादव, जयराम यादव, प्रमोद यादव, प्रकाश यादव, हरि यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### मोतिहारी: नीट परीक्षा में हुए धांधली के खिलाफ ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन ने किया विरोध प्रदर्शन



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत
पूर्वी चंपारण। केसरिया में ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन ने नीट परीक्षा में हुए धांधली एवं 65 प्रतिशत आरक्षण को रद्द करने के खिलाफ, शुक्रवार को पितांबर चौक पर धरना प्रदर्शन किया। वहीं इसकी अध्यक्षता कर रहे ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के जिला सचिव धनंजय सिंह ने कहा कि, सरकार इस रवैए से आज जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहा है। सरकार ने जो फैसला लिया है,वो कहीं से सही नहीं है। इस मौके पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अंचल सचिव कामरेड निजामुद्दीन खांन,गया प्रसाद, रामवृक्ष सहनी, नारायण किशोर राय, वकील मियां, वही राजद से युवा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव, जितेन्द्र कुमार, प्रधान महासचिव प्रमोद रजक,राजन कुमार,राजद नेता अरविंद यादव, विवेक सिंह,करण कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### इस्तेहारी वारंटी को भेजा जेल




लोकतंत्र की आवाज़
दिलिपकुमार ठाकुर, खानपुर/समस्तीपुर। थानाक्षेत्र से इश्तेहार(82) वारंटी अभियुक्त अशोक महतो पेसर स्व मंगल महतो साकिन श्रीपुर गाहर थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में उपस्थापन वास्ते भेजा गया की पुष्टि अपर थानाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार ने की है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर माहेश्वरी युवा संगठन सहित विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक संस्थाओं, आईसीपी, एसएसबी और मनरेगा कर्मियों ने योगा अभ्यास किया

लोकतंत्र की आवाज



**मुन्ना ठाकुर**
**फारबिसगंज / अररिया।** दस वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस महोत्सव को विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक संस्थाओं, आईसीपी के अधिकारियों, एसएसबी के जबानों मनरेगा कर्मियों ने उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर फारबिसगंज माहेश्वरी युवा संगठन के मनीषा सारड़ा ने सभी सदस्यों के साथ योगा अभ्यास शुरु किया और योगा कैसे किया जाता है सब को शिखाया।

वही दीपेश लढ़ा ने जानकारी देते हुवे बताया कि साल 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने संकल्प 69/131 द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया था इस दिवस का उद्देश्य योग अभ्यास के अनेक लाभों के बारे में विश्व भर में जागरूकता बढ़ाना है। पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। वही विनीत खेमानी बताया कि इस दिवस का उद्देश्य योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक फायदों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसे दुनिया भर में एक स्वस्थ जीवनशैली के रूप में अपनाने को प्रोत्साहित करना है।

महेश सारड़ा ने कहा 21 जून आदर्श तिथि है। अभिषेक खेमानी एव मनीषा सारड़ा ने संयुक्त रूप से आगे बताया कि पहली बार 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था, उसी वर्ष 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। बता दें कि इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला था, जिसके बाद पहली बार दुनियाभर में योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था, इस दिन विश्व के लाखों लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया था। वहीं पवन लड्डा ने कहा प्रति दिन योग करने से हम स्वस्थ्य तो रहते ही और शरीर में ताजगी बरकरार रहती बीमारियों से छुटकारा मिलती है इसलिए कहा गया है करे योग रहें निरोग। इस अवसर पर युवा संगठन अध्यक्ष महेश सारडा,सचिव अभिषेक खेमानी,बादल ,मूंदड़ा, आकाश मूंदड़ा, विनीत खेमानी,विवेक खेमानी, विकास खेमानी, , जितेश माहेश्वरी, आशीष खेमानी ,दीपेश लढ़ा, दिलीप मारू, प्रकाश मारू, प्रतीक बाहेती, युवराज बियानी,राहुल लढ़ा, बैजू माहेश्वरी, इत्यादि मजूद थे।

# वारिसलीगंज माफी गढ़ के मैदान में लोगों ने योगाभ्यास कर दिया निरोग रहने का संदेश



लोकतंत्र की आवाज

**अभय कुमार रंजन**
**वारिसलीगंज (नवादा)** ।वारिसलीगंज नप के माफी गढ़ मैदान में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक अरुणा देवी के नेतृत्व में विश्व योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।सुबह 5:30 से 6:30 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस के लक्ष्मण प्रसाद चौरसिया ने योग व्यायाम,योगासन तथा सूर्यनमस्कार के बारे में बताते हुए उसका क्रमशः अभ्यास कराया।विनय कुमार ने अंधी दिशा हीन तरुणायी भटका सरसंधान है, जागो रे कवि चंद अकेला गजनी में चौहान है गाकर सबों में जोश भर दिया।

जबकि भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा ने बिखरी ताकत जूटा देश की फिर संवार दे छंटा देश की, भारतमाता हमको आज पुकारती, आओ हम सब चलें उतारें आरती गीत गाकर सबों को मंत्रमुग्ध कर दिया।भाजपा विधायक अरुणा देवी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।स्वस्थ शरीर के लिए नित्य दिन योग करना आवश्यक है।योग भारत की प्राचीन विधा है।

यह प्रकृति का अनोखा उपहार है।इसके माध्यम से लोग रोगमुक्त होकर खुशी पूर्वक जिंदगी जी सकते हैं।दुनियां आज योग का दीवाना है।उन्होंने लोगों से इसे दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी।इस अवसर पर विधायक अरुणा देवी, आरएसएस के सह जिला संघचालक डा. रणजीत कुमार, विधायक प्रतिनिधि पूर्व मुखिया रामसकल सिंह, अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा,पूर्व जिला मंत्री निरंजन सिंह,जिला भाजपा महामंत्री शैलेंद्र शर्मा, प्रियरंजन श्रीनिवास, संजय कुमार मंगल, लक्ष्मण प्रसाद चौरसिया, सदानंद प्रसाद, अवधेश नारायण आदि ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# समस्तीपुर: योग को अपने दिनचर्या में जरूर शामिल करे



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक देव, मोरवा/समस्तीपुर।** जिले के मोरवा प्रखंड क्षेत्र के हरपुर भिंडी एवं मरीचा पंचायत में अमृत सरोवर पोखर पर शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मनरेगा पीओ रंजीत कुमार की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मनरेगा पीओ ने योग के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए जीवन में योग के फायदे को बताया। उन्होंने कहा कि योग से लोग निरोग रहते हैं योग को अपने दिनचर्या में जरूर शामिल करना चाहिए। मौके पर सहायक अभियंता प्रहलाद कुमार, पी टी ए रितेश कुमार, पंचायत रोजगार सेवक विश्वनाथ पंडित, स्थानीय मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता कर्मियों, जीविका दीदियों सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# राशन कार्ड के लिए केवाईसी को लेकर एसडीओ ने रजौली और सिरदला के डीलरों के साथ की बैठक

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** प्रखण्ड कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के नेतृत्व में रजौली एवं सिरदला प्रखण्ड के डीलरों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान एमओ रजौली राजेश कुमार गुप्ता व सिरदला एमओ दीपक कुमार के अलावे गोदाम प्रबन्धक केशव झा मौजूद रहे। बैठक में एसडीओ ने सभी डीलरों को डोर-टू-डोर जाकर राशनकार्ड लाभार्थियों का ई केवाईसी करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखण्ड स्तरीय गोदाम से खराब अनाज नहीं उठाने की बात कही है। उन्होंने ने कहा कि खराब चावल एवं गेहूं मिलने के बाद लाभार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।अनाज उठाव के दौरान कई बार लाभार्थी एवं डीलर के बीच नोंकझोंक भी हो जाया करती है।एसडीओ ने कहा कि 30 सितम्बर तक ई केवाईसी किया जाना है।

**यह है प्रक्रिया :** सरकार ने खाद्य सुरक्षा के लाभार्थी परिवारों के सभी सदस्यों की ई-केवायसी करवाने के निर्देश दिए हैं।इसके तहत राशन कार्ड के साथ परिवार के सभी सदस्यों को पोस मशीन में सभी लाभार्थियों को थंब इंप्रेशन देकर स्वयं का प्रमाणीकरण करना है। इसके तहत भविष्य में परिवार के सदस्य किसी भी कारण से बाहर रह रहे हैं या मृतक है,तो उनके नाम काट दिए जाएंगे तथा उनके नाम से उठ रहा राशन भी बंद हो जाएगा।

- बिना किसी राशि के जनवितरण प्रणाली के डीलर रोज कर रहे मेहनत

**राशन डीलरों की बढ़ी समस्या**
सत्यापन के कार्य का पूरा दारोमदार राशन डीलरों के जिम्मे हैं।लेकिन,राशन डीलरों को इस कार्य की एवज में कोई भी अतिरिक्त मानदेय नहीं दिया जा रहा है। नाम नहीं बताते हुए डीलरों का कहना है कि अधिकांश परिवार इन दिनों घुमने गए हैं।वहीं कई परिवारों के बच्चे ननिहाल गए हुए हैं। वहीं पोस मशीन से एक परिवार के सदस्यों के ई केवाईसी में लगभग एक घण्टा से अधिक लग जाता है।वहीं सरकार के निर्देश पर सभी डीलर ई केवाईसी में जुटे हुए हैं।

# झमाझम बारिश में मना योग दिवस

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** प्रखंड स्थित प्रगति स्पॉट कल्ब और कृषि फार्म मैदान पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोनों स्थान पर सुबह 4:30 बजे से योग करने वाले लोगों का जुटान होना शुरू हो गया था।इसी बीच 5:00 बारिश होनी शुरू हो गई। बारिश का लुप्त उठाते हुए लोगों ने जमकर के योग किया। योग कार्यक्रम में प्रशिक्षण सुनील कटारुका ,और कृषि फार्म मैदान में मुरारी मुरारी पासवान के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंकज कुमार जायसवाल, राजेश दत्ता ,रविंद्र कुमार गुप्ता ,राजेंद्र कटारुका सहित आने को लोग उपस्थित थे। दूसरी और कृषि फार्म मैदान पर लोगों ने झमाझम बारिश में योग का आनंद लिया। योग प्रशिक्षक मुरारी पासवान, कैलाश तांती ,भोला कुमार, शशि कुमार ,संतोष कुमार ,राजा कुमार, संजय कुमार, पंकज कुमार ,कुशल राज, नंद जी उपाध्याय सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

### वारिसनगर मथुरापुर अपहृता बरामद




लोकतंत्र की आवाज़
**उमेश चौधरी**
**मथुरापुर/समस्तीपुर।** थाना वारिसनगर मथुरापुर थाना कांड संख्या 324/23 दिनांक 13 जुलाई 2023 धारा 363,366 एवम 34 भादवि के अपहृता लड़की पेसर अशोक साह साकिन सारी थाना मथुरापुर जिला समस्तीपुर को एसआई अश्वथमा कुमार सदलबल थानाक्षेत्र के नागरवस्ती स्थित अपहरणकर्ता के घर से। सकुशल बरामद करते हुए माननीय न्यायलय सदर समस्तीपुर में 164 का व्यान वास्ते भेजा गया की पुष्टि थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने दी हैं।

# पति के हत्यारोपी पत्नी को पुलिस ने रजौली के दिबौर गांव से गिरफ्तार किया, न्यायालय को किया सुपुर्द

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** थाना क्षेत्र के दिबौर गांव से गुरुवार की शाम थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने पति के हत्यारोपी पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते तीन माह पूर्व हरदिया के समीप पननमा जंगल के पहाड़ी के सबसे ऊंची चोटी पर एक युवक के सड़े-गले शव को पुलिस ने बरामद किया था।पननमा जंगल के पहाड़ी पर मिले युवक के शव मिलने पर पुलिस द्वारा छानबीन किया जा रहा था।


जिसे लेकर हत्या एवं आत्महत्या के कयास लगाए जा रहे थे, इसी बीच मृतक मंटू पासवान के भाई दीपू पासवान ने थाने को ब्यान देकर कहा कि मंटू पासवान की हत्या उसके ससुराल वालों ने की है। साथ ही बताया कि मेरे भाई की शादी दिबौर निवासी पूनम देवी के साथ हुई थी। शादी के बाद मंटू पासवान का सम्बंध पत्नी पूनम देवी समेत सास बैजंती देवी,साला प्रदीप पासवान एवं सरहज बबिता देवी से खराब चल रहा था।जिसको लेकर काफी विवाद बढ़ गया और नतीजतन पुलिस बलों ने बीते 15 मार्च को मंटू पासवान के शव को जंगल क्षेत्र से पेड़ में लटका हुआ बरामद किया था।

- तीन माह पूर्व पननमा जंगल के पहाड़ी पर मिला था युवक शव

थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि मृतक के भाई दीपू पासवान के द्वारा मृतक युवक की पत्नी पूनम देवी समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों को हत्या आरोपित किया गया था।पुलिस मामले की बारीकी से अनुसंधान के बाद पति के हत्यारोपी पत्नी को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिला का स्वास्थ्य जांच अनुमंडलीय अस्पताल में करवाकर शुक्रवार को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# समस्तीपुर के खानपुर ब्लॉक में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, लोगों ने किया योगा

लोकतंत्र की आवाज़



**दिलिपकुमार ठाकुर।**
**खानपुर/समस्तीपुर।** प्रखंड में सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय में 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह सात बजे विद्यार्थियों शिक्षकों द्वारा अलोम विलोम सूर्य नमस्कार समेत कई प्राणायाम कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक योग किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक शिक्षक शिक्षिका सहित छात्र-छात्रा ने योग किया। शिक्षकों ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। इससे बीमारियां नहीं होती वहीं व्यक्ति मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने सभी छात्राओं को कहा कि सभी को अपने दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए।

इससे शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं। योग व्यक्ति को फिट रखता है तो वहीं कई ऐसी बीमारियां भी है जो सिर्फ योग अभ्यास करने से ही दूर हो जाती है। योग शरीर को पूर्ण रूप से मेंटेन करते हुए शरीर को अपनी क्रियाओं के अनुसार कार्य करने के लिए तंदुरुस्त बनाता है योग एक ऐसी विधा है जो शारीरिक मानसिक समाजिक नैतिक स्तर पर स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायता करता है।

# धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस,लोगों ने उत्साहित होकर किया योग

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** नगर पंचायत समेत प्रखंड क्षेत्र के हरदिया व अमावां गांव में लोगों ने उत्साहपूर्वक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।नगर अंतर्गत मिनी सिटी पार-बाध में मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं,स्थानीय लोगों एवं पतंजलि योग परिवार के सदस्यों साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। योग प्रशिक्षक योगाचार्य वैध-न्यूटन कुमार ने सभी तरह का योग एक पारंपरिक तरीके से करवाया।योग प्रशिक्षक ने आम-जनों से निवेदन किया कि हम अपने दिनचर्या के रूप में योग को प्रतिदिन अपनाएं।योग ट्रेनर पंकज किशोर ने सभी लोगों को सूर्य नमस्कार करवाया।रजौली मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह भाजपा जिला प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने सभी लोगों को प्रतिदिन योग करने का संकल्प दिलवाया।

मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि हम सभी आज दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में मना रहे हैं।आज ही के दिन पहली बार 2014 में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रस्तावित किया था।नरेंद्र मोदी के पहल से ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2015 में योग को अपनाया। यह दिन शारिरिक और मानसिक कल्याण को बढावा देने के साथ-साथ दुनिया भर के लोगों को एक साथ लाने की क्षमता को बढावा देने में योग के महत्व को दर्शाता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों से घर-घर योग करने का आह्वान किया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी स्वयं शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर श्रीनगर में योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होकर योग किया।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि हमारे अपने नवादा जिले के स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर भी स्वयं आर्य समाज मंदिर नवादा में योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होकर योग किया। साथ ही उकह की योग का एक लंबा इतिहास है जो प्राचीन भारत में हजारों साल पुराना है। हम सबों ने आज के दिन एक संकल्प लिया कि प्रत्येक दिन हम सभी योग जरूर करें।

- सभी करे योग रहे निरोग : गगन

इस योग शिविर में मंडल महामंत्री संतोष वर्मा,अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, मंडल उपाध्यक्ष धनंजय कुमार,वीरेन्द्र प्रसाद, देवेन्द्र प्रसाद दीवान,मंडल कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, प्रवीण कुमार,पवन सिंह रविनंदन सिंह, गणेश प्रसाद वर्मा सहित दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सहरसा: बाबा मधुकर के छठे वर्षगांठ पर कुमारी कन्याओं द्वारा निकली कलश यात्रा



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। नगर निगम क्षेत्र वार्ड नंबर 9 नरियार लतहा मधुकर धाम मंदिर प्रांगण में गुरुवार को बाबा मधुकर का छठा वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम को रात्रि में पवित्र गंगा नदी से मिट्टी लाकर पिंड का स्थापना किया गया। व–ही सुबह 6:00 बजे कलश शोभा यात्रा एवं 11:00 से भगैत प्रसंग प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं ने सर पर कलश लेकर कलश यात्रा में भाग लिया। इस मौके पर मुखिया संगीता कुमारी ने कलश यात्रा को झंडा दिखाकर यात्रा का शुभार– 'भ किया। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में नेता गणेश गौरव पान, डॉ राज सरदार, रघुनाथ दास, गोविंद दास तांती, सिकंदर दास, राजेंद्र दास,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि छोटेलाल दास, खुशीलाल सरदार, पैक्स अध्यक्ष विलास सरदार, मुन्ना राजा, बानेसर शर्मा, मधुसूदन सरदार, पवन दास, शंभू शर्मा, अशोक दास, लीलो तांती, र– 'जीत तांती मनीष तांती, ब्रह्मदेव सरदार बैजनाथ दास, कमलेश्वरी तांती, कैलाश दास, प्रभु दास, रामेश्वर दास पुजारी, सत्यनारायण दास, अनिरुद्ध दास, ओपिंदर दास एवं अधिक संख्या में समाज के अनुयाई भाग लिया।

### सुबोध कुमार बने सदर थानाअध्यक्ष तो प्रभाकर भारती को मिला पतरघट का प्रभार

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। एसपी हिमांशु ने जिले के विधि व्यवस्था संधारण और बेहतर अपराध नियंत्रण के लिए सदर थाना अध्यक्ष श्री राम सिंह का तबादला कर दिया है। उनके जगह पर पुलिस निरीक्षक सुबोध कुमार को सदर थाना अध्यक्ष का प्रभार दिया गया है। सुबोध कुमार इससे पूर्व सिमरी बख्तियारपुर के थाना अध्यक्ष थे। वहीं निवर्तमान सदर थाना अध्यक्ष श्री राम सिंह को ईआरएसएस का प्रभारी और सौर बाजार, बैजनाथपुर एवं पस्तपार थाना के एन–3 कांडों का पर्यवेक्षी पदाधिकारी बनाया गया है। साथ ही सदर थाना में प्रतिनियुक्ति अपर थाना अध्यक्ष प्रभाकर भारती को पतरघट थाना अध्यक्ष और पतरघट थाना निवर्तमान थाना अध्यक्ष अजय कुमार पासवान को सिमरी बख्तियारपुर थाना अध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया है।

### जमीनी विवाद के फरार अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। शहर के भू–माफिया की शुमार में शामिल पवन द्विवेदी को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके ऊपर पूर्व से भी दर्जनों भूमि विवाद के मामले सदर थाना में दर्ज है। वे वर्ष 2021 के बाद अचानक सुर्खियों में आए। जब नया बाजार बेंगहा बाईपास रोड स्थित जमीन के बड़े भू–भाग को कब्जा करने में उनका नाम सामने आया था। जहां जमीन पर कब्जे के लिए गोलियां चलाई गई थी। जिसके बाद वे भू–माफिया बन गए थे। फिलहाल सदर थाना में दर्ज कांड संख्या – 123/24 के आवेदक प्रणव कुमार राजन के आवेदन के आधार पर जांचोपरांत पुलिस पदाधिकारी खुशबू कुमारी के द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया है। जिसमें उनके ऊपर कई लाख रुपए की रकम लेकर जमीन रजिस्ट्री नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है।

# लचहा नदी पर निर्माणाधीन करोड़ों का पुल भ्रष्टाचार की चढ़ रही भेंट

लोक तंत्र की आवाज

डा. रूद्र किंकर वर्मा

किशनगंज/भरगामा। बकरा नदी पर करोड़ों की लागत से बने पुल के जमींदोज होने के बाद भरगामा प्रखंड होकर बहने वाली लचहा नदी पर निमार्णाधीन पुल भी लोगों के बीच चर्चा में बना हुआ है। आरोप है कि रात के अंधेरे में पुल के पाया का पायलिंग ठेकेदार द्वारा किया गया है। शंकरपुर एवं सिमरबनी को जोड़ने वाले इस पुल के निर्माण की मांग लोगों की दशकों से रही है। करीब दस गांव को सिमरबनी व अनुमंडल फारबिसगंज से जोड़ने वाली लाइफलाइन पुल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीं है।

बताया जाता है कि यह नदी कोशी नदी की सहायक नदी है। बरसात के मौसम में यह नदी पूरे उफान पर रहता है। कोसी नदी के तरह ही इस नदी में कटाव की प्रवृत्ति है। कटाव के कारण बड़े मात्रा में उपजाऊ जमीन नदी में विलीन हो जाती है। बताया गया कि संबंधित ठेकेदार द्वारा रात के अंधेरे में पुल के पाया का पायलिंग किया गया है। लोगों के आरोप पर गर गौर करें तो मैटेरियल की गुणवत्ता की भी जांच होनी चाहिए।

आरोप है कि कार्य स्थल पर अब तक लैब की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि निर्माणधीन पुल में उपयोग किए जाने वाला मैटेरियल गुणवत्तापूर्ण है या नहीं। जबकि कार्य स्थल पर योजना का बोर्ड नहीं लगा है। और ना ही एप्रोच पथ का ही निर्माण किया गया है। विभागीय जेई मो मुलाजिम का कहना है कि कई बार उन्होंने ठेकेदार को रात में पुल के पाया के पायलिंग करने से मना किया है। लेकिन ठेकेदार के मनमानी कार्यशैली के कारण प्रायः रात में ही पायलिंग का काम किया गया। इधर बकरा नदी पर करोड़ों के लागत से बने पुल के जमींदोज होने के बाद लोग इस नदी में बन रहे इस पुल को लेकर भी सशंकित होने लगे है। कि कही इस पुल का भी यही हश्र बकरा नदी पर बने पुल जैसा ना हो।

## किशनगंज : बारिश से डायवर्सन ध्वस्त, आवागमन बाधित



इधर सीमावर्ती किशनगंज जिला के विदुआबाही–पौडिया सड़क पर रमनियाधीखर गांव के निकट निर्माणाधीन पुल के बगल में बन्ना डायवर्सन बारिश में ध्वस्त हो गया इस कारण ठाकुरगंज से इस्लाम्पुर जाने में लोगों को काफी करीनाइयों का सामना करना पर रहा है. राहगीर अब 15 किलोमीटर की दूरी तय कर

छहरगाछ में भाया आमबाड़ी होकर पीठिया व इस्लाम्पुर जाने–आने को विवश है. इस संबंध में पुल निर्माण विभाग के सीनियर इंजीनियर मुनीन्द्र ठाकुर ने बताया कि पनी कम होने पर पुनः नया डायवर्सन बनाकर आवागमन पहले के तरह बहाल किया जाएगा. दूसरी ओर दिघलबैंक गोसमारा नदी का जलस्तर बढ़ने से डायवर्सन ध्वस्त हो जाने से आवागमन बाधित हो गया है. इससे जिला मुख्यालय से बार पंचायतों लक्ष्मीपुर, धनगढ़ा, दहीभात के अलावा टेदागाछ प्रखंड के कालपीर पंचायत का संपर्क टूट गया है।

# बंद घर का ताला तोड़कर हुई 80 हजार नकद समेत लाखों के जेवरात की चोरी



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता।सदर थाना क्षेत्र के गंगजला, वार्ड नंबर – 15/17 में पूर्व मुखिया के घर में भाड़े पर रह रहे नागेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र कुणाल सिंह ने अपने बंद घर का ताला तोड़कर 80 हजार नकद समेत लाखों के जेवरात की चोरी हो जाने की शिकायत गुरुवार को सदर थाना में दर्ज कराया है। पीड़ति ने बताया कि वे शहजादपुर गांव के स्थाई निवासी हैं। फिलहाल पूर्व मुखिया मुकेश झा के पंचवटी, गंगजला रोड स्थित मकान में किराए पर रहते हैं। वे बीते 18 जून को सपरिवार ससुराल खगड़िया जिले के महेशखुट चले गए थे।

इस दौरान अपने बंद घर की देखरेख का जिम्मा पड़ोसी पूनम देवी को देकर गए थे। लेकिन वे भी अचानक 18 जून को ही पटना स्थित पीएमसीएच इलाज के लिए चली गई थी। वे वापस 19 जून के रात में लौटकर सहरसा पहुंची। जहां उन्हें पता चला कि मेरे घर का ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद उन्हें सूचना मिली। उन्होंने आगे बताया कि गुरुवार को सहरसा पहुंचे तो देखा उनके घर का ताला टूटा हुआ है। कमरे का सामान बिखरा हुआ है। घर के अंदर रखे गोदरेज को तोड़कर सोने के जेवरात जिसमें एक चैन, तीन जोड़ा बाली, दो पीस अंगूठी, पांच पीस नाक वाला, एक बजरंगबली का लॉकेट और चांदी के पांच जोड़ी पायल के साथ–साथ लैपटॉप गायब था।

इतना ही नहीं गोदरेज में रखा हुआ 80 हजार नकद रकम भी गायब था। उनकी शिकायत पर सदर थाना पुलिस जांच करने पहुंची। जांच के बाद चोरों की गिरफ्तारी के लिए जहां पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी। साथ ही संभावित चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही थी।

# सोनवर्षा राज: बीडीओ की मौजूदगी विभिन्न हाटों का खुला डाक




लोकतंत्र की आवाज

सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न हाटों का खुली डाक के माध्यम से बीडीओं अरविंद कुमार की मौजूदगी में बंदोबस्ती किया गया। जिसमें क्षेत्र के काशनगर, झिटकि या, बिंदटोली तथा महुआ बाजार स्थित हाटों का बंदोबस्त किया गया। जिसमें काशनगर बाजार हाट के लिए कुंदन कुमार ने 75 हजार में, बिंदटोली हाट जंयत दूबे को 2 लाख 55 हजार में, महुआ बाजार हाट सुनिल कुमार को एक लाख दस हजार में तथा झिटकिया हाट के लिए सिकंदर मंडल ने 73 हजार 100 की सर्वाधिक बोली लगाकर अपने नामें बंदोबस्ती करवा लिया। इस दौरान डाक में शामिल होने दर्जनों लोग मौजूद थे।

# अररिया जेल में चल रहा था योग, तभी एक कैदी ने छत पर चढ़कर लगा ली फांसी, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

लोक तंत्र की आवाज





अररिया। जेल में बंद एक कैदी ने जेल की छत पर चढ़कर गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृत कैदी को फांसी पर लटकता देख जेल प्रशासन आनन–फानन में उसे सदर अस्पताल अररिया लेकर पहुंचा, जहां ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक कैदी जोगबनी थाना क्षेत्र के पटेल नगर वार्ड नंबर 7 निवासी शंकर भगत का 32 वर्षीय पुत्र अमित भगत बताया जा रहा है. अमित भगत एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में 15 मई से जेल में बंद था।

घटना की जानकारी देते हुए जेल अधीक्षक जवाहर लाल प्रभाकर ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जेल परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था. इस दौरान अमित भगत योग करने नहीं गया और जेल की छत पर लगे लोहे के ग्रिल में गमछा बांधकर फांसी लगा ली. जेल प्रशासन की नजर पड़ने के बाद उसे सदर अस्पताल भेजा गया. जहां डॉक्टर ने कैदी को मृत घोषित कर दिया, इसके बाद मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की गई।

मृतक कैदी की पत्नी सुमन देवी ने बताया कि गुरुवार को वीडियो कॉलिंग के जरिए पति से बात हुई थी. वह बता रहे थे कि उनके पैर में जख्म है. तो हमने कहा कि दवा ले लो, हम आएंगे तो पैसे दे देंगे, तो उन्होंने कहा ठीक है. इसी बीच शुक्रवार को 11 बजे जेल से संदीप नाम के लड़के का फोन आया कि अमित भगत ने आत्महत्या कर ली है. पत्नी सुमन देवी रोते हुए कह रही हैं कि हमने कल ही अपने पति से कहा था कि कागजात पटना भेज दिए हैं और एक महीने के अंदर उन्हें रिहा कर दिया जाएगा. मेरे पति आत्महत्या नहीं कर सकते, उन्हें जेल में मारा गया है. मेरे पति की मौत रात में हुई और जेल से खबर दिन में 11 बजे मिली।

मृतक के भाई दीपक भगत ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे उन्हें जेल प्रशासन द्वारा सूचना दी गई कि उनका भाई अमित भगत अब इस दुनिया में नहीं रहा, उन्हें बताया गया कि उनके भाई ने आत्महत्या कर ली है. उन्होंने कहा कि जहां तक उन्हें अपने भाई के बारे में पता है, उनका भाई ऐसा नहीं कर सकता. जेलर की लापरवाही के कारण ऐसा हुआ है।

# पुल निर्माण कार्य में ठेकेदार ने नहीं रखा गुणवत्ता का ख्याल, विभाग की भी अनदेखी:इंजीनियर पुल विशेषज्ञ

लोक तंत्र की आवाज



अररिया। सिकटी ब्लॉक के पड़रिया घाट बकरा नदी पर पहली बार पुल 20 करोड़ में बना। दूसरी बार 07.79 करोड़ की लागत से पुल तो बना लेकिन ताश की पत्ती की तरह पहली बारिस में हीं नदी के गर्भ में पुल समा गया।पुल निर्माण कार्य में ठेकेदार ने गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा विभाग की भी अनदेखी सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। गठित टीम नमूना लेकर गई है। इधर पुल की आस लगाए इस क्षेत्र के वासी एक युग बीत जाने के बाद भी पुल की इस दर्दनाक दास्तां से उनकी आस अब टूट गई है।

इधर इंजीनियर पुल विशेषज्ञ बी एन मित्रा का कहना रहा कि डीपीआर में पुल की डिजायनिंग सहित इसके निर्माण को लेकर निर्धारित मानक का उल्लेख रहता है। नदी में बनने वाले पुल में 20 मीटर पाइलिंग होना जरूरी है। जबकि बीच के पाया। पिलर) की पावलिंग 20–22 मीटर होनी चाहिए। निर्माण कार्य में क्वालिटी आफ मैटेरियल का भी ध्यान रखा जाता है। सीमेंट की क्वालिटी, जगह–जगह अलग–अलग एमएम का छड़ सहित रिक्वर डेफ्ट का होना जरूरी है। जबकि प्रथम द्दष्टया इस पुल के निर्माण में कई स्तरों पर संवेदक द्वारा अनदेखी की बात पुल के गिरे स्ट्रक्चर को देखकर लग रहा है। जो जांच का विषय है।

# नोटिस पहुंचाने गए चौकीदार के साथ मारपीट

लोकतंत्र की आवाज

बनमा ईटहरी सहरसा संवाददाता। थाना क्षेत्र के सुगमा गांव में नोटिस पहुचाने गए चौकीदार के साथ मारपीट कर जख्मी कर देने का मामला सामने आया हैं। मामले को लेकर बनमा ईटहरी थाना में पदस्थापित चौकीदार पवन पासवान ने बताया कि सुगमा गांव नोटिश पहुंचाने विद्यानंद सिंह के पुत्र भूषण सिंह व दिगम्बर सिंह के पुत्र रत्नेश सिंह के यहां गए। इस दौरान संजय सिंह के पुत्र शिवम सिंह ने सुगमा गांव निवासी योगेंद्र पासवान के पुत्र पवन पासवान चौकीदार को लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी चौकीदार को इलाज के लिए सोनवर्षा राज पीएचसी में भर्ती कराया जहा उसका इलाज चल रहा हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष ज्योतिष कुमार ने बताया कि चौकीदार के साथ मारपीट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया हैं।

# अभियंता प्रमुख भगवत राम के कार्यों की जांच ईडी और सीबीआई से हो, विभाग तत्काल प्रभाव से उन्हें करे निलंबित : टीटू बड़वाल











लोक तंत्र की आवाज

डा. रूद्र किंकर वर्मा

अररिया। अररिया जिले में पड़रिया घाट बकरा नदी पर पुल गिरने के मामले में सूबे की सरकार ने दो और अभियंताओं पर कार्रवाई की है। ग्रामीण कार्य विभाग ने बुधवार को उन्हें निलंबित कर दिया। इस प्रकार इस घटना में अबतक चार अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। दो अभियंताओं को मंगलवार को ही निलंबित कर दिया गया था। ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि अररिया के कार्यपालक अभियंता आशुतोष कुमार रंजन और कनीय अभियंता मनीष कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

- ग्रामीण कार्य विभाग में रुपए लेकर बांटा जाता है बिना अनुभव वाले ठेकेदार को काम
- अररिया में बकरा नदी पर पुल गिरने के मामले में दो और इंजीनियर निलंबित

इधर अररिया के सिकटी में निमार्णाधीन पुल के गिरने के बाद भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष टीटू बड़वाल ने ग्रामीण कार्य विभाग का काला चिट्ठा खोल कर रख दिया है। टीटू बड़वाल ने कहा की ग्रामीण कार्य विभाग पूरी तरह भ्रष्ट हो चुका है। उन्होंने कहा की इस विभाग के खिलाफ इतने सबूत है की गिनते गिनते लोग थक जायेंगे। उन्होंने कहा की पुल गिरने को लेकर जितना जिम्मेदार संवेदक है उससे कही अधिक जिम्मेदार विभाग के अधिकारी है क्योंकि विभाग के द्वारा रूपया लेकर ऐसे ठेकेदार को काम दे दिया जाता है जिनके पास कार्य करने की न तो क्षमता होती है और न ही अनुभव होता है।

बड़वाल ने आगे कहा की अभियंता प्रमुख भगवत राम के कार्यों की जांच ईडी और सीबीआई से करवाने पर सारा पोल खुल जाएगा की उनके द्वारा किस तरह नियमों को ताक पर रख कर काम दिया जाता है। बड़वाल ने कहा की ऐसे संवेदक जिनकी बिड कैपिसिटी मात्र 55 करोड़ रुपए है लेकिन किशनगंज के अराबाड़ी में उन्हें 66 करोड़ से बनने वाले पुल का टेंडर दे दिया गया । टीटू बड़वाल यही नहीं रुके और उन्होंने कहा की ग्रामीण कार्य विभाग में लूट मचा हुआ है और हमारी मांग है की पुल गिरने के मामले में संवेदक के साथ साथ अधिकारियो की भी जांच होनी चाहिए जो रूपया लेकर काम बांटते है। श्री बड़वाल ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से वो मांग करते है की ऐसे लोग जो रूपया लेकर काम बांट रहे है उनके खिलाफ सख्त कारवाई की जानी चाहिए। टीटू बड़वाल ने कहा कि अगर सही तरीके से जांच होगी तो कई अधिकारी इस मामले में फसेंगे ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री बड़वाल ने कहा कि टीम गुरूवार को घटना स्थल पर जांच के लिए आती है और शुक्रवार को अभियंता प्रमुख विज्ञापन निकलवाते हैं कि संवेदक जांच में शामिल रहे। कहीं से ये विज्ञापन तर्क संगत नहीं है। ये खानापूर्ति कर रहे है। इनकी और इनके सगा संबंधियों के चल अचल सम्पत्ति की भी जांच हो।

# दो अवैध लोडेड देशी मास्केट के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। जिले के पतरघट थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरघट थाना अध्यक्ष को बुधवार की सुबह मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापामारी में दो अपराधी को दो अवैध मास्केट और उनके दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने बताया कि पतरघट ओपी अध्यक्ष को सूचना मिली थी कि भद्दी गांव वार्ड नंबर 20 निवासी सुरेश पासवान उर्फ सुबीन पासवान के पुत्र हनुमान पासवान उर्फ बजरंगी अपने घर में अवैध हथियार के साथ पहुंचे हुए हैं। सूचना पर छापामारी की गई।

जिसमें हनुमान पासवान उर्फ बजरंगी को गिरफ्तार किया गया। उनके घर से एक अवैध देसी लोडेड मार्केट बरामद किया गया। पूछताछ किए जाने पर बजरंगी द्वारा बताया गया कि उक्त हथियार उन्हें भद्दी फाड़ी टोला वार्ड नंबर 13 निवासी स्व बद्री नारायण यादव के पुत्र सुरेश यादव द्वारा दिया गया है। सूचना के आधार पर पुलिस बजरंगी को साथ लेकर सुरेश यादव के घर पर छापामारी किया। पुलिस को आते देख दरवाजे पर बैठे दो लोग भागने लगे। जिसमें से एक को खदेड़ कर पकड़ा गया। पकड़ में आए युवक सुरेश यादव के पुत्र अंशु कुमार थे। जिसके बाद उनके घर की तलाशी ली गई। जहां एक लोडेड देशी मार्केट बरामद हुआ। वही पुलिस को देखकर भागे अपराधी सुरेश यादव बताया गया। वह गलीकूची का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। जिसकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में पतरघट थाना अध्यक्ष अजय पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक नीरज कुमार, चालक सिपाही नीरज कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थें।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से कटकर दो कॉलेज छात्राओं की मौत, मुंगेर में दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी से हुआ हादसा



लोकतंत्र की आवाज
रंजीत कुमार विद्यार्थी, मुंगेर। मुंगेर में ट्रेन की चपेट में आने से कॉलेज की दो छात्राओं की मौत हो गई। घटना दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन से हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बिहार के मुंगेर में रतनपुर स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से कॉलेज की दो छात्राओं की मौत हो गई। जान गंवाने वाली दोनों छात्राएं बरियारपुर की बताई जा रही हैं। घटना दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन से हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर आरपीएफ के साथ रेल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रेलवे ट्रैक से दोनों शव को हटाया जा रहा है। इस घटना के बाद से दो घंटे से परिचालन बाधित है। दोनों छात्राएं एसबीएन कालेज पाटम की बताई जा रही हैं। दोनों सहेलियां थीं और इंटर में पढ़ती थीं।

### दहेज एक सामाजिक बुराई है

लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी, बलिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज ने बताया है कि दहेज एक सामाजिक बुराई है जिसके कारण समाज में महिलाओं के प्रति अकल्पनीय यातनाएँ और अपराध उत्पन्न हुए हैं तथा भारतीय वैवाहिक व्यवस्था प्रदूषित हुई है। दहेज शादी के समय दुल्हन के ससुराल वालों को लड़की के परिवार द्वारा नकद या वस्तु के रूम में किया जाने वाला भुगतान है।आज सरकार न केवल दहेज प्रथा को मिटाने के लिये बल्कि बालिकाओ की स्थिति के उत्थान के लिये कई कानूनी (दहेज निषेध अधिनियम 1961) और योजनाओं द्वारा सुधार हेतु प्रयासरत है। इस समस्या से छुटकारा पाने में लोगों की सामाजिक और नैतिक चेतना को प्रभावी बनाना, महिलाओं को शिक्षा तथा आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करना एवं दहेज प्रथा के खिलाफ कानून को प्रभावी ढंग से लागू करना मददगार हो सकता है। दहेज प्रथा न केवल अपराध है बल्कि अनैतिक भी है। इसलिये दहेज प्रथा की बुराइयों के प्रति समाज की अंतरात्मा को पूरी तरह से जगाने की जरूरत है ताकि समाज में दहेज की मांग करने वालों की प्रतिष्ठा कम हो जाए। दहेज सम्बन्धित किसी भी शिकायत के लिये जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी मो० मुमताज के मोबाइल नम्बर 7518024043, वन स्टॉप सेन्टर मोबाइल नम्बर 8932827525 अथवा 181 महिला हेल्पलाइन व चाइल्ड हेल्पलाइन, 1098 तथा अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, कलेक्ट्रेट परिसर या वन स्टॉप सेन्टर, निकट जिला चिकित्सालय परिसर, बलिया के कालरा वार्ड में सम्पर्क कर सकते है।

### देवघर जिले के भाजपा नेता डॉ राजीव रंजन ने सपरिवार भूटान के थिंपू से दिया करो योग रहो निरोग का संदेश



लोकतंत्र की आवाज
देवघर। भारत समेत विश्व के कई देशों में हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं। खास बात यह है कि योग दिवस मनाने की पहल भारत से ही की गई थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। वहीं, इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला था। आज पूरा विश्व 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कश्मीर से कन्याकुमारी और यूएस तक दुनिया योग कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से भारत ने योग को विश्व में स्थापित किया है। उक्त बातें भाजपा नेता सह देवघर डेंटल क्लिनिक के निदेशक डॉ राजीव रंजन ने सपरिवार भूटान के थिंपू में योग करते हुए कही। उन्होंने जारी रिलीज में कहा कि भारत समेत विश्व के कई देश आज हर साल की तरह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। योग केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद है। यही कारण है कि दुनियाभर में योग को बढ़ावा देने के लिए योग दिवस मनाया जाता है। आज पीएम मोदी ने भी श्रीनगर में योग किया। थिंपू में डा राजीव रंजन के साथ उनकी धर्मपत्नी डा पूजा राय, नन्ही पुत्री व करण राउत, भूटान के कर्मा फिधतासो,थेरिंग नोरबू ने योग एक साथ योग कर करो योग रहो निरोग का संदेश विश्व को दिया

### योग को अपने दिनचर्या में जरूर शामिल करे



लोकतंत्र की आवाज
दीपक देव, मोरवा/समस्तीपुर। जिले के मोरवा प्रखंड क्षेत्र के हरपुर भिंडी एवं मरीचा पंचायत में अमृत सरोवर पोखर पर शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मनरेगा पीओ रंजीत कुमार की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मनरेगा पीओ ने योग के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए जीवन में योग के फायदे को बताया। उन्होंने कहा कि योग से लोग निरोग रहते हैं योग को अपने दिनचर्या में जरूर शामिल करना चाहिए। मौके पर सहायक अभियंता प्रहलाद कुमार, पी टी ए रितेश कुमार, पंचायत रोजगार सेवक विश्वनाथ पंडित, स्थानीय मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता कर्मियों, जीविका दीदियों सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अपने सात विधायकों की सदस्यता खत्म कराएगी सपा, अखिलेश यादव ने ले लिया बड़ा फैसला



लोक तंत्र की आवाज़

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा को बड़ा झटका देने के बाद अखिलेश यादव अपनी पार्टी के सात विधायकों की सदन सदस्यता खत्म कराने की तैयारी कर रहे हैं। यह सात विधायक वह हैं, जिन्होंने कुछ महीने पहले ही राज्यसभा इलेक्शन के लिए हुई वोटिंग में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ जाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग की थी। अब समाजवादी पार्टी इन विधायकों की सदस्यता खत्म कराने की तैयारी में है। पार्टी का कहना है कि हम इन विधायकों के खिलाफ विधानसभा स्पीकर से शिकायत करेंगे और उनकी सदस्यता रद्द कराएंगे।

**हो गया बड़ा नुकसान :** राज्यसभा चुनाव में जिन सात विधायकों ने सपा के खिलाफ वोटिंग की थी। उनमें रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज पांडेय और फूलपुर की पूजा पाल समेत राकेश पांडेय, विनोद चतुर्वेदी, आशुतोष वर्मा और अभय सिंह शामिल हैं। क्रॉस वोटिंग के बाद से ही अखिलेश यादव इनसे काफी नाराज थे। खासतौर पर मनोज पांडेय को लेकर उनकी नाराजगी अधिक थी। इसकी वजह यह थी कि उनके चलते ही स्वामी प्रसाद मौर्य सपा छोड़ गए थे और फिर वह भी भाजपा में चले गए। गौरतलब है कि पूजा पाल ने तो कई बार योगी आदित्यनाथ की पहले भी तारीफ की थी। सपा का कहना है कि गलती की माफी दी जा सकती है, लेकिन षड्यंत्र पर माफी नहीं मिलेगी।

**नहीं हुआ फायदा:** क्रॉस वोटिंग के बाद इन विधायकों को भी लग रहा था कि सत्ताधारी दल के साथ जाकर उन्हें कुछ बड़ा मिल जाएगा। लेकिन अब इन सभी विधायकों को भाजपा से कोई भाव नहीं मिल रहा है।

यदि इन विधायकों की सदस्यता गई तो यह बड़ा नुकसान होगा क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव में अभी पूरे तीन साल का वक्त बाकी है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव में भी इन लोगों को टिकट नहीं मिला। अब यदि सदस्यता जाती है तो वे किसी भी सदन के सदस्य नहीं रहेंगे। संकट यह होगा कि यदि भाजपा से इन लोगों को उपचुनाव में टिकट नहीं मिला तो फिर इनके आगे बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी।

## 02 अक्टूबर को बनेगा जन सुराज पार्टीः प्रशांत किशोर



लोकतंत्र की आवाज

- बिहार की जनता एनडीए व इंडी गठबंधन को विधानसभा में काट कर साफ कर देगी

**रंजीत कुमार विद्यार्थी**
**मुंगेर।** जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार के भविष्य की चिंता जाहिर करते हुए कहा कि बिहार को अगर सुधारना है तो प्रयास आप कीजिए या हम करें, प्रयास आज हो या 20 बरस के बाद हो, करना तो किसी बिहार के आदमी को ही पड़ेगा। पंजाब या तमिलनाडु से आकर बिहार को कोई नहीं सुधारेगा। बिहार में जो पैसे वाले लोग हैं वो सोच रहे हैं कि हमें क्या दिक्कत है? हमारा लड़का तो बैंगलोर में पढ़ ही रहा हैं वहीं बढ़िया नौकरी करेगा। मैं आपको बता रहा हूं जो बिहार में पैसे वाले लोग हैं उन्हें ज्यादा दिक्कत है। जो गरीब का बच्चा है और मजदूरी करने बाहर गया है वो अपने घर दोबारा लौट सकता है। मगर जो पैसे वाले का लड़का है वो बाहर नौकरी करने बाहर गया तो वो वापस लौट कर आने वाला नहीं है।

जहाज डूबेगा तो उसमें बैठा हुआ हर आदमी डूबेगा। अगड़ी जाति के लोग भी उसमें डूबेंगे, उसमें पिछड़ी जाति के लोग भी डूबेंगे। इस चक्कर में अमीर भी मरेगा और गरीब भी मरेंगे। बिहार में पढ़े लिखे लोगों की ज्यादा जिम्मेदारी है बिहार को सुधारने की। 2 अक्टूबर को जब दल बनेगा तो बिहारियों की मदद से 243 सीटों पर चुनाव लड़ाया जाएगा। बिहार में कुछ लोग कहते हैं कि जन सुराज किस पार्टी से गठबंधन करेगी? कुछ लोग कह रहे हैं कि NDA का वोट काटियेगा या INDIA का? आपको मैं लिख कर दे रहा हूं न वोट INDIA का कटेगा न ठऊअ का बल्कि दोनों को जनता इस बार काट कर साफ कर देगी।

## विजली व्यवस्था से आजिज आ चुके हैं सिकंदरपुर के लोग

लोकतंत्र की आवाज़

**घनश्याम तिवारी**
**सिकन्दरपुर /बलिया।**बिजली विभाग के सौतेले व्यवहार से वार्ड नंबर 7 के लोगों को झेलनी पड़ रही है काफी परेशानी स्थानीय कस्बा अंतर्गत मोहल्ला पांडे टोली (पुरानी पानी टंकी) के पास लगा ट्रांसफार्मर महीने में दो बार जल चुका विद्युत विभाग की लापरवाही से इस प्रचंड गर्मी में यहां के लोगों का जीना दुबर हो गया है।

विगत दिनों ढाई सौ केवी का लगा ट्रांसफार्मर एक हफ्ते के अंदर ही जल गया फिर उसके बाद इस प्रचंड गर्मी में दोबारा लगा हुआ ट्रांसफार्मर 19 तारीख की रात में जल गया कंप्लेंट देने के बावजूद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यहां के नागरिकों का कहना है कि यहां पर उपस्थित अधिकारियों का फोन नंबर स्विच ऑफ बता रहा है और जो भी कर्मचारी यहां रहते हैं वह लोग कहते हैं कि आप उच्च अधिकारियों से बात करिए हमसे कोई मतलब नहीं है।

इस रवैया से विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का जीता जागता नमूना प्रत्यक्ष दिख रहा है विद्युत विभाग के कर्मचारी पूर्ण रूप से लापरवाह हो गए हैं जिसका खामियाजा विद्युत उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है,विद्युत उपभोक्ताओं नें विभाग के उच्च अधिकारियों से अपील की है कि इस संदर्भ में संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करें ताकि यहां के लोगों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। लोगों ने जल्द समाधान करने की मांग की है।

## योग दिवस पर जीविका दीदियों ने भी किया योगाभ्यास

लोक तंत्र की आवाज़



**अररिया ।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार 21 जून 2024 को जीविका दीदियों ने भी योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने की अपनी प्रतिबद्धता दुहराई। इस दौरान जिले के सभी 9 प्रखंडों में बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने सीएलएफ, वीओ और सार्वजनिक मैदानों में इकट्ठा होकर योगाभ्यास किया और योग दिवस मनाया।

इस दौरान जिलास्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के जीविकाकर्मियों ने भी योगाभ्यास किया और इसे अपने जीवन में ढ़ालने का निश्चय किया। योग का महत्व हमारी जिंदगी में बहुत ही ज्यादा है। इसे नियमित करने से कई रोगों से जहां बचाव हो सकता है, वहीं कई रोगों से छुटकारा भी पाया जा सकता है। वैसे तो सनातन काल से भारत में योग किया जाता रहा है। ऋषि–मुनि से लेकर आम लोग भी इसकी महत्ता को समझते और परखते रहे है। लेकिन, वैश्विक पटल पर इसे लाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का काफी अहम योगदान है। इन्होंने ही 2014 ई. में इसे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एक साथ मनाने में महती भूमिका निभाई। जिसके बाद विश्वभर में 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

जीविका दीदियां भी अपने परिवार के सदस्यों और आस–पड़ोस की औरतों–मर्दों को भी योग करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। लोग अब जानने लगे हैं कि योग बनाए निरोग। इसलिए, वो अब अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने लगे हैं। यह एक अच्छा संकेत हैं। इससे होने वाले लाभ के कारण ही योग को अब जीविका दीदियां भी नियमित रूप से करने लगी हैं। जीविका दीदियों ने अपने परिवार के बच्चों और बड़ों सभी को योग करने के लिए प्रेरित भी कर रही हैं। आने वाले दिनों में एक अच्छा अभ्यास साबित होगा।

## तेजस्वी यादव को मालूम नहीं है कि हमलोग किस परेशानी में इन टेंटों में अपना जीवन खपा रहेः मनीष कुमार

लोकतंत्र की आवाज

**एकमा/हमारे संवाददाता(सारण)।** पिछले कुछ दिनों पहले चुनावी बिश्लेषक एवं जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को घेरा था। अब उनके साथ रहने वाले एक साथी मनीष कुमार ने भी तेजस्वी यादव के बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। मनीष कुमार ने कहा कि जिस 5 स्टार टेंट की बात कर रहे हैं तेजस्वी यादव हम उनको नेवता, निमंत्रण दे रहे हैं कि वे भी आवें और हमारे साथ वह भी इन 5 स्टार टेंट का आनंद लें यदि तेजस्वी यादव एक दिन भी इन टेंट में रहे, तो अगले दिन उनको किसी चीज की जरूरत पड़े या नहीं पड़े लेकिन अस्पताल की जरूरत पड़ेगी यह निश्चित है,



मैं इसलिए यह बात बोल रहा हूँ क्योंकि उनको मालूम नहीं है कि हमलोग इतनी गर्मी में किस परेशानी में इन टेंटों में अपना जीवन खपा रहे हैं उन्होंने आगे कहा कि आपने बिहार को 5 स्टार जैसा छोड़ा कहां है? बिहार के लड़के 5 स्टार होटलों में रहे, यही तो सपना लेकर हमलोग इन टेंटों में रह रहे हैं मनीष कुमार यही नहीं रुके उन्होंने तेजस्वी को गद्दी पे बैठनें वाले बयान पर कहा कि बिहार की जनता और हमलोगों को नवीं फेल ज्ञान दे रहा है कि हमे गद्दी पर बैठा दो हम सबको नौकरी दे देंगे नवीं फेल यहाँ राज करेगा

- यदि तेजस्वी यादव एक दिन भी इन टेंट में रहे, तो अगले दिन उनको किसी चीज की जरूरत पड़े या नही पड़े लेकिन अस्पताल की जरूरत पड़ेगी यह निश्चित है

और हमारे बिहार के नवजवान भाई–बहन मैट्रिक, इंटर, बी.ए. और एम. ए. करके नौकरी के लिए भीख मांगेंगे, हमे नौकरी नहीं राज चाहिऐ अंत में उन्होंने कहा कि जब तक समाज के पढ़े लिखे लोग राजनीतिक में नहीं आएंगे तब तक हमें ऐसे ही अनपढ़ नेताओं का झण्डा ढोना पड़ेगो यही व्यवस्था को बदलने के लिए प्रशांत किशोर जी यह जन सुराज अभियान चला रहे हैं।

## पेट्रोल पंप के प्रबंधक से दो लाख नगद एवं सोने की चैन की हुई छिनतई, मारपीट

लोकतंत्र की आवाज

**सुनील कुमार मिश्र, मगध ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** रफीगंज–गया पथ के सिमवां गांव के पास प्रशांत किसान सेवा केंद्र प्रबंधक बंदेया थाना क्षेत्र के बंदेया निवासी राघवेंद्रधारी भारद्वाज से 2 लाख रुपए नगद एवं सोने का चैन छीनने एवं मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

इस मामले में राघवेंद्रधारी भारद्वाज ने गया जिला के कोच थाना क्षेत्र के डबुर गांव निवासी रामविनय शर्मा एवं उनके पुत्र अंकित कुमार को नामजद आरोपी बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। उल्लेख किया कि में कार्यालय में बैठकर कैश मिल रहा था।तभी रामविनय शर्मा अंदर आए और मुझे रुपया छीनने लगे।जब मैं रुपया छीनने का विरोध किया तो मेरा कालर पकड़कर खींचने लगे। एवं मेरा कुर्ता फाड़ दिए। इसी बीच उनका लड़का अंकित कुमार अंदर आया और हथियार का भय दिखाते हुए मुझसे 200000 रुपए नगद छीन लिए।

रुपया लेने के उपरांत पुनःअंकित कुमार हथियार का भय दिखाकर बोला कि सोने का चैन दे दो।मैं डर से विरोध नहीं कर सका।इसके बाद राम विनय शर्मा मेरे गले से सोने का चैन निकाल लिया। उक्त दोनों मारपीट करते हुए खींचकर बाहर निकाला। फूल वाला गमला उठाकर अंकित कुमार मेरे ऊपर चला दिया और मेरे साथ मारपीट भी किया।।वे लोग धमकी देकर पंप बंद करा दिए। तथा स्टाफ से चाबी लेकर चले गये।इस संबंध में प्रशिक्षु एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## व्यवहार न्यायालय साहिबगंज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया गया योगाभ्यास

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहिबगंज।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के नेतृत्व में आज व्यवहार न्यायालय परिसर, साहेबगंज में 10वें अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारीगण और कर्मचारियों ने योगाभ्यास कर योग के माध्यम से तन और मन को स्वस्थ्य रखने का सन्देश दिया।




इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायलय, संजय कुमार उपाध्याय, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीया शेखर कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, सिविल जज सह न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी राजेश श्रीवास्तव, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार सहित न्यायालय कर्मी उपस्थित थे।

## कैंडल मार्च निकाल शिवाजी चौक हलिमपुर में दिलीप मंडल को ग्रामीणों ने दी श्रद्धांजलि

लोकतंत्र की आवाज

**मुंगेर।** शिवाजी चौक हलिमपुर ग्राम में अति पिछड़ा के नेता दिलीप मंडल के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज पटेल महासंघ की ओर से रामचंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि स्वामी मुक्ति यंत्र एवं विशिष्ट अतिथि युवा समाजसेवी मनीष मंडल ने स्वर्गीय दिलीप मंडल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किए। दोनों अतिथि ने यह अभी कहा कि श्रीमंडल अंतिम सांस तक शहर के विकास एवं समाज को एकजुट बनाने को लेकर संघर्ष करते रहे थे। उनके अधूरे कार्य को पूरा करने का संकल्प आज श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से हम लोग ले रहे हैं।



वहीं वरिष्ठ पत्रकार विजय आनंद एवं अध्यक्षता कर रहे रामचंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि दिलीप मंडल का आकस्मिक निधन होना अति पिछड़ा समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि समाज को साथ लेकर चलने की उनकी दूरदर्शिता सोच के वजह से ही आज उनके निधन के बाद जगह–जगह शोक श्रद्धांजलि कैंडल मार्च शांति मार्च का आयोजन यह दर्शाता है कि दिवंगत दिलीप मंडल समाज के लिए कितने महत्वपूर्ण रहे थे। मौके पर राम प्रकाश शरण, जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दीपक सिंह महासंघ के सक्रिय सदस्य रंजीत कुमार, डॉ पप्पू एवं सुरेश कुमार और पप्पू मंडल ने कहां हलिमपुर गांव में आज शिवाजी का भाव प्रतिमा स्थापित है तो इसका देन दिलीप मंडल को जाता है। श्रद्धांजलि सभा में छत्रपति शिवाजी महाराज पटेल महासंघ के साथ ग्रामीणों ने दिलीप मंडल अमर रहे के नारा लगाते हुए कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। मौके पर कमलेश्वरी मंडल, आनंदी मंडल, सुरेंद्र मंडल, दीपू, कल्लू ठाकुर, तनु, रामप्रवेश, गणेश मंडल, राजकुमार मंडल, शंभू शरण पटेल, विजय मंडल, गोपाल प्रसाद, अक्षय कुमार,बंटी सहित कई मौजूद थे।

- छत्रपति शिवाजी महाराज पटेल महासंघ की ओर से आयोजित हुआ श्रद्धांजलि सभा

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।